तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 18.1 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025






# गलत सिग्नल वाली लाइन पर चलाई ट्रेन इसलिए हादसा मृत चालक पर केस दर्ज, असिस्टेंट अब भी गंभीर

## बिलासपुर रेल हादसे में अब तक 11 मौतें, बढ़ सकता है आंकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरबा-बिलासपुर लोकल ट्रेन के चालक ने गलत सिग्नल देखकर उस लाइन पर गाड़ी चला दी, जिसके कारण लोकल खड़ी कोयला लोडेड मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई। प्रारंभिक जांच के दौरान रेल अफसरों को यह जानकारी मिली है। इधर पुलिस ने मृत लोको पायलट के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

मंगलवार को चालक विद्यासागर और असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज कोरबा से बिलासपुर लोकल ट्रेन लेकर आ रहे थे। शाम 4 बजकर 10 मिनट पर लालखदान के पास अप लाइन पर खड़ी कोयला लोडेड मालगाड़ी से लोकल ट्रेन टकरा गई, जिसके कारण सामने का इंजन और ब्रेक यान खड़ी मालगाड़ी के वैगन के ऊपर चढ़ गया और बाकी का हिस्सा नीचे लटका रहा। हादसे के बाद सीआरएस ने मामले की जांच शुरू की है। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ और जांच के दौरान उच्चाधिकारियो को यह जानकारी मिली है कि चालक और सहायक चालक जिस लाइन पर लोकल ट्रेन लेकर आ रहे थे, उस लाइन पर रेड सिग्नल था। रेड सिग्नल देखने के बजाय चालक ने दूसरी लाइन के ग्रीन सिग्नल को देखकर ट्रेन को चला दिया, जिसके कारण दुर्घटना हो गई। फिलहाल अफसरों ने यह जानकारी संभावना के आधार पर दी है। अब सीआरएस की जांच व उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कोच के अंदर छात्रा का बैग

बुधवार की सुबह कोच को अलग करने के बाद उसकी देखरेख करने के लिए आरपीएफ स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई थी। इस दौरान सीआरएस बीके मिश्रा भी दोपहर को जांच करने के लिए पहुंच गए थे। वहीं जीआरपी की एसपी श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव भी रायपुर से घटना की जानकारी लेने घटनास्थल पर पहुंची थी। सीआरएस की जांच करने से पहले सुबह 9 से 10 बजे के बीच बिलासपुर डिवीजन के अधिकारी, आरपीएफ की टीम ने क्षतिग्रस्त कोच की जांच की। इस दौरान कोच के अंदर आलू, टमाटर, किसी यात्री के टिफिन डिब्बे, कोच के अंदर खून के धब्बों के साथ एक बैग मिला। आरपीएफ ने बैग की तलाशी ली, जिसमें एक छात्रा जांजगीर-चांपा निवासी मेहविश परवीन पिता रहमान खान का आईडी और उसका मोबाइल मिला। मेहविश परवीन बिलासपुर के डीपी कॉलेज की छात्रा है, जो घटना में घायल हो गई और उसका उपचार अपोलो हास्पिटल में चल रहा है। मोबाइल के आधार पर आरपीएफ ने उनके परिजन को सूचित करने के बाद बैग सुपुर्द कर दिया है।

### लोको पायलेट के खिलाफ जुर्म दर्ज

रेल हादसे पुलिस ने रेलवे के मेमो के आधार पर ट्रेल के लोको पायलेट के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, बुधवार को रेलवे विभाग से स्टेशन अधीक्षक निखिलेश विठालकर के द्वारा थाने में मेमो भेजा गया है, जिससे कोरबा बिलासपुर लोकल ट्रेन हादसे में 11 यात्रियों की मौत व 20 यात्रियों के घायल के मामले में ट्रेन के लोको पायलेट की लापरवाही बताते हुए उसके खिलाफ जुर्म दर्ज करने कहा गया है। पुलिस ने मेमो के आधार पर निखिलेश विठालकर की रिपोर्ट पर अज्ञात ट्रेन के लोको पायलेट के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 ए, 125 व रेलवे एक्ट की धारा 153, 154, 175 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है

### घुमावदार है रेल लाइन

गतौरा से लालखदान के बीच हावड़ा-मुम्बई रेल मार्ग है। इसमें हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस, दूरंतो, जनशताब्दी के अलावा मालगाड़ियों का आवागमन होता है। बिलासपुर से रायगढ़ तक चार लाइन के साथ आटो सिग्नलिंग का भी काम किया गया है, जिसमें एक लाइन पर चलने वाली मालगाड़ियां, यात्री गाड़ियों के बीच करीब 1000 मीटर का अंतर होता है। प्रारंभिक जांच में रेल अफसरों को यह भी जानकारी मिली कि गतौरा सें लालखदान के बीच रेल लाइन घुमावदार है, जिसके कारण संभवतः चालक को सिग्नल देखने में परेशानी हुई होगी।

### खेत में फेंका गया कोच

लालखदान चौकसे कॉलेज के पीछे कोरबा से बिलासपुर आने वाली लोकल मेमू अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस जबरदस्त टक्कर के कारण लोकल ट्रेन के सामने लगा इंजन, ब्रेक यान, पीछे लगे दो यात्री कोच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। हादसे के बाद रेल अफसरों ने मंगलवार की देर रात तक मालगाड़ी के ऊपर चढ़े इंजन व अन्य कोच को अलग करने का काम शुरु किया। बुधवार की सुबह 5 बजे तक क्षतिग्रस्त हुए कोच को काटकर अलग करने के बाद लाइन के बगल से लगे खेत में फेंक दिया गया है।

## उप मुख्यमंत्री साव ने घायलों के स्वास्थ्य का लिया जायजा



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बुधवार को बिलासपुर शहर के विभिन्न अस्पतालों का दौरा कर रेल हादसा में घायल मरीजों की हालत का जायजा लिया। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की। उन्होंने हादसे पर दुख जताया। श्री साव ने कहा कि पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार हरसंभव मदद प्रदान करेगी। उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल के डॉक्टरों को बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।

## रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा कवच क्यों नहीं लगाया : बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज रेल हादसे के घायलों से मिलने बुधवार को बिलासपुर पहुंचे, उन्होंने सिम्स, रेलवे अस्पताल, अपोलो में भर्ती घायलों का हाल-चाल जाना एवं इलाज की जानकारी ली। उन्होंने मृतकों को 1 करोड़ तथा घायलों को 50 लाख मुआवजा देने की मांग किया है।

- रेलवे को देश में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला बिलासपुर जोन असुरक्षित

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिलासपुर का रेल हादसा बड़ी लापरवाही, इस मामले की जांच कर बड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। यह हादसा डबल इंजन की सरकार की छत्तीसगढ़ के साथ की जा रही उपेक्षा का भी परिणाम है। छत्तीसगढ़ के रेल्वे ट्रेक में ''सुरक्षा कवच'' वाले सिग्नल क्यों नहीं लगाये जा रहे। रेलवे को सबसे ज्यादा राजस्व छत्तीसगढ़ से मिलता है और रेलवे छत्तीसगढ़ की उपेक्षा करता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिलासपुर रेलवे जोन से केवल माल भाड़े से केंद्र की सरकार 25 हजार करोड़ से ज्यादा हर साल कमाती है, लेकिन यहीं के रेल यात्रियों को सुरक्षा कवच नहीं। बिलासपुर रेलवे जोन में लगभग 600 किलोमीटर अप और डाउन लाइन में कवच सुरक्षा सिग्नल प्रणाली स्थापित करने का प्रस्ताव मई 2024 से केंद्र की मोदी सरकार के पास लंबित है। लोकसभा में भाजपा के 10 सांसद छत्तीसगढ़ की जनता ने जीता कर भेजा हैं, जिनमें से एक बिलासपुर के सांसद तोखन साहू केंद्रीय मंत्री हैं, उन्हें दलीय चाटुकारिता छोड़कर छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कवच सिग्नल प्रणाली पूरे प्रदेश के रेलवे ट्रैक पर लगाने की मांग मोदी सरकार से करनी चाहिए। नहीं तो अपने पद से इस्तीफा दे, बिलासपुर की जनता ने जिस उम्मीद से उन्हें सांसद चुना था वे उस पर खरे नहीं उतरे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ट्रेनों में यात्री सुरक्षा की प्राथमिकता तय हो, रेलवे सुरक्षा आयोग की जिम्मेदारी तय किया जाए, केवल मुआवजा कोई समाधान नहीं तकनीकी और संसाधनों का उपयोग यात्री सुरक्षा में करने के लिए तत्परता दिखाए सरकार। रेलवे केवल परिवहन ही नहीं करोड़ों भारतीयों की लाइफलाइन है।

## कोयला ढुलाई का रिकॉर्ड बनाने के अलावा यात्री सुरक्षा और सुविधाओं पर ध्यान देना जरूरी

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने गतौरा और बिलासपुर के मध्य हुई रेल दुर्घटना पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों और रेलवे बोर्ड को आड़े हाथों लिया है। समिति ने कहा की रेलवे बोर्ड से ही यह निर्देश दिए गए हैं की माल ढुलाई को विशेष कर कोयला लदान के नए-नए कीर्तिमान बनाना है चाहे इसके लिए यात्री सुरक्षा और सरक्षा दांव पर लग जाए।

- रेलवे जोन संघर्ष समिति ने की 50 लाख मुआवजे की मांग

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने कहा कि क्षमता से अधिक माल गाड़ियों को चलाने के कारण सेक्शन जल्दी क्लीयर नहीं होते और उसी में यात्री गाड़ियां चलती रहती हैं जिसमें जरा सी तकनीकी या मानवीय त्रुटि एक भयानक घटना को जन्म देती है जैसा कि कल गतौर और बिलासपुर के बीच हुआ। कोयला लदान के रिकॉर्ड बनाने के लालच में बिलासपुर डिवीजन की रेल पटरिया डेढ़ सौ प्रतिशत की क्षमता पर दोहित की जा रहे हैं। इतनी अधिक मालगाड़ियां चलने के कारण कभी भी ऐसा हादसा हो सकता है यह बात रेलवे के अधिकारी अच्छे से जानते हैं। पिछले 10 सालों से रेलवे के अधिकारी कवच टेक्नोलॉजी विकसित करने की बात कर रहे हैं इनमें जो थोड़े बहुत कवच विकसित हुए भी हैं उनका उपयोग रेलवे बोर्ड के द्वारा अन्यत्र किया जा रहा है। यह भी इसलिए है कि कवच टेक्नोलॉजी दो रेल गाड़ियों के बीच में एक निश्चित दूरी और उनके चलने में एक निर्धारित समय को पाबंदी के साथ पालन करने के लिए बाध्य करती है। जबकि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का ऑपरेटिंग विभाग सारे खतरे उतार कर एक के पीछे एक गाड़ियां चलाता है।

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने कल की घटना के लिए रेलवे के ऑपरेटिंग विभाग के अधिकारियों के ऊपर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड से यह मांग की है कि कोयला परिवहन के नए-नए रिकॉर्ड बनाने के बजाय यात्री सुरक्षा पर पहले ध्यान दें। समिति ने रेलवे दुर्घटना में करने वाले व्यक्ति को 10 लाख रुपए मुआवजा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बहुत पहले की दर से दिया जा रहा है।

## जीएम ने अस्पताल पहुंचकर ली घायलों की जानकारी

बिलासपुर एवं गतौरा के मध्य हुई मालगाड़ी एवं मेमू लोकल के डिरेलमेंट की अप्रत्याशित घटना में घायल यात्रियों का उपचार विभिन्न अस्पतालों में जारी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश आज सुबह विभिन्न अस्पतालों में पहुँचकर घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक घायल को उत्तम चिकित्सा सुविधा एवं समुचित देखभाल प्राप्त हो।

महाप्रबंधक ने घायलों एवं उनके परिजनों से भी मुलाकात कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा यह भरोसा दिलाया कि रेल प्रशासन हरसंभव उचित चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहा है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। यात्रियों के परिजनों को निरंतर जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इस दुखद घटना पर रेल प्रशासन ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है तथा सभी घायलों को श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं।

## खबर संक्षेप

### फिजियोथेरेपिस्ट के 3 रिक्त पदों पर आवेदन कल तक

**बिलासपुर।** जिले के विकासखण्डों में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित समावेशी संसाधन स्रोत केन्द्र के लिए फिजियाथेरेपिस्ट के 3 रिक्त पदों पर 7 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एनआईसी के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in में उपलब्ध है। विज्ञापन एवं आवेदन का प्रारूप जिला पंचायत के द्वितीय तल जिला परियोजना कार्यालय बिलासपुर के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### सिविल जज भर्ती परीक्षा 21 दिसंबर को

**बिलासपुर।** सिविल जज भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर को होगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से इसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके लिए कुल 661 अभ्यर्थियों को चिंहित किया गया है। इधर, मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर से 15 नवंबर तक किए जाएंगे।

### स्वास्थ्य विभाग में संविदा नियुक्ति, आवेदन 14 तक

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए 14 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन एवं अनिवार्य नियम एवं शर्तें जिले की वेबसाईट bilaspur.gov.in में दिए गए लिंक के माध्यम से देखा एवं आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सहकारी समिति की मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 14 तक

**बिलासपुर।** अरपांचल प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित जबड़ापारा बिलासपुर के मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। आपत्तियों का निराकरण कर सूची का अंतिम प्रकाशन 14 नवम्बर को किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद, आवेदन 18 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत टांटीधार के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बगथपरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 रिक्त पद पर 18 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका बंद लिफाफे में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा में आवेदन कर सकती हैं। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है। आवेदिका का 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### एयू संस्कृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश प्रक्रिया चालू

**बिलासपुर।** संस्कृत केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा अपनी सभ्यता एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए तथा संस्कृतमय समाज बन सकें इसके लिए अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर में संस्कृत अध्ययन केन्द्र खोला गया है। संस्कृत अध्ययन केन्द्र में प्रथम वर्ष में प्रमाणपत्रीय पाठयक्रम एवं जो प्रमाण पत्र पाठयक्रम कर चुके हैं वे डिप्लोमा में प्रवेश ले सकते हैं।

यूनिवर्सिटी के संस्कृत अध्ययन केन्द्र में इस पाठयक्रम का शुल्क पुस्तक सहित 1200 रुपए है। संस्कृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसकी अंतिम तिथि 15 नवंबर तक है। इस पाठयक्रम कक्षा दसवीं पास कोई भी प्रवेश ले सकता है चाहे वह शिक्षक, डॉक्टर, कर्मचारी, गृहणी, समाजसेवक, छात्र-छात्राएं सभी इस पाठयक्रम में प्रवेश ले सकते हैं।

## मानव तस्करी करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानव तस्करी करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को जीआरपी की टीम ने बिलासपुर स्टेशन से गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

जीआरपी के सहायक उपनिरीक्षक विश्वनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रेल श्वेता श्रीवास्तव ने मानव तस्करी रोकने निर्देशित किया है। एसआरपी के निर्देश पर लगातार बिलासपुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म और ट्रेनों में विशेष निगरानी की जा रही है। दो दिन पहले स्टेशन में निरीक्षण के दौरान एक ट्रेन पहुंची। ट्रेन के बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद एक युवती ने जीआरपी स्टाफ को देखकर रोना शुरु कर दिया, जिसके उपरांत स्टाफ ने युवती से पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी करने की जानकारी मिली। युवती ने बताया कि उसके घर डिस्को रोहिदास अपने साथ एक व्यक्ति को लेकर पहुंचा, जिसे उसने मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। उसने युवती के माता-पिता को एक लाख रुपए देन का लालच दिया। डिस्को रोहिदास ने युवती के माता-पिता को 10 हजार रुपए देने के बाद शराब पिलाया। जब सभी बेहोश हो गए तो वह युवती को धोखे से लेकर ट्रेन के पास ले आया और धमकी देकर कोच के अंदर बिठा दिया। युवती को बाद में जानकारी मिली कि डिस्को रोहिदास और उसका साथी उसे बेचने के लिए लेकर जा रहे हैं। एसआरपी श्वेता श्रीवास्तव से आदेश मिलने के बाद बिलासपुर जीआरपी ने दोनों आरोपी बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश निवासी विकास नायक पिता जगदीश प्रसाद नायक 40 साल और बरगढ़ ओडिशा निवासी निराकर उर्फ डिस्को पिता घनो रोहिदास 40 साल के खिलाफ धारा 137 (2), 96, 143, 3(5) बीएनएस, 18 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।



जीआरपी की गिरफ्त में आरोपी।

एसआईआर के लिए जिले के शिक्षकों को बीएलओ बनाया गया

## 800 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी, प्राइमरी स्कूलों में तालाबंदी की नौबत, पढ़ाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी स्कूलों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलया जा रहा है। इस बीच जिले के प्राइमरी स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं। पहले से स्कूलों के करीब आधे शिक्षकों का एक माह पहले से एसआईआर करने के लिए बीएलओ की ड्यूटी लगी हुई है। वहीं शेष बचे शिक्षकों की भी सहायक बीएलओ बना दिया गया है। इससे सबसे अधिक बाधित प्रामयरी स्कूलों की पढ़ाई होगी। वहां प्रधान पाठक के अलावा कोई ही शिक्षक नहीं बचा है। शिक्षकों का कहना है कि करीब 800 से ज्यादा लोगों की ड्यूटी लगी है। एक दिन में 5 से 10 डोर टू डोर सर्वे करने पर भी पूरा दिन खराब होगा। ऐसे में स्कूल पहुंचकर फिर से क्लास लेना संभव नहीं होगा।

आने वाले करीब तीन माह तक सरकारी प्राइमरी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई बाधित रहेगी। इसका कारण शिक्षकों की मतदाता सूची विशेष सधन पुनरीक्षण (एसआईआर) में डयूटी लगना है। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के आदेश पर एसडीएम द्वारा अपने-अपने इलाके में आने वाले पोलिंग बूथों के लिए एक माह पहले से एसआईआर के लिए शिक्षकों को बीएलओ बनाया था। जो अभी तक बीएलओं की ड्यूटी कर रहे हैं। इस बीच फिर से सरकारी आदेश जारी हुआ है। शिक्षकों के मुताबिक डोर टू डोर सर्वे के लिए उन्हें तैनात करने से विद्यालयों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। कई स्कूलों में केवल एक शिक्षक बचेगा, जबकि कुछ स्थानों पर स्कूलों में ताला लग सकता है।



- कई स्कूलों में केवल एक शिक्षक बचेगा, कोर्स अधूरा रहने की आंशका

### शिक्षक तीन माह तक करेंगे एसआईआर

जिले में करीब एक माह पहले से मतदाता सूची विशेष सचन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काय चल रहा है। इसके लिए शिक्षकों की एक माह से पहले से बीएलओ की डयूटी लगा दी गई है। वहीं स्कूलों में शेष बचे शिक्षकों को भी सहायक बीएलओ की व्यूटी लगा दी गई है। जो करी तीन माह तक घर-मतदाताओं के घर-घर जाकर पोटर लिस्ट का काम करेंगे। इस दौरान सरकारी स्कूलों को पढ़ाई बाधित रहेगी।

### जनगणना में भी लगेगी शिक्षकों की ड्यूटी

एसआईआर के बाद शिक्षकों की जनगणना में भी ड्यूटी लगाने की तैयारी है। इसके लिए जिले के सभी ब्लॉकों में पदस्थ सभी शिक्षकों की सूची मंगा ली गई है। उसके हिसाब से शिक्षकों को जनगणना का काम भी करीब एक माह तक करना होगा। इसमें भी उनको लोगों के घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी जूटानी होगी। उसका भी आदेश जल्द जारी होगा। इसके साथ ही शिक्षकों की जनगणना के लिए ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी।

### जिले में पोलिंग बूथ की संख्या

| विधानसभा | | पोलिंग बूथ |
|---|---|---|
| बिलासपुर | - | 271 |
| बेलतरा | - | 405 |
| कोटा | - | 302 |
| तखतपुर | - | 348 |
| बिल्हा | - | 405 |
| मस्तूरी | - | 394 |



### स्कूल समय के अतिरिक्त करना है काम

शिक्षकों को यह काम स्कूल के समय से अतिरिक्त करना है इसलिए पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। स्कूल समय से दो घंटे पहले या बाद में यह सर्वे करना है। शासन इसके लिए बीएलओ बनाए शिक्षकों को अतिरिक्त मानदेय भी देगा।

- **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

## खबर संक्षेप

### महिला एवं बाल विकास विभाग दे रहा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश



**बिलासपुर।** पुलिस मैदान में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सूचना-प्रचार स्टॉल से लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियों मिल रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्योत्सव में लगाए गए स्टॉल से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पोषण आहार, मानसिक स्वास्थ्य, बाल अधिकार से जुड़ी जानकारी और अन्य योजनाओं की जानकारी मिल रही है। पुलिस मैदान में आयोजित राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 25 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में पोषण आहार एवं पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से लोगों को संतुलित भोजन के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत बेटियों के शिक्षा एवं संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से दिया जा रहा है, जहां लोग सेल्फी लेकर इस संदेश का प्रचार कर रहे हैं। विभागीय योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना,मातृ वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

### शहर की अंशिता बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट



**बिलासपुर।** चार्टर्ड अकाउंटेंट के परिणाम जारी किए गए हैं । जिसमें शहर के युवाओं ने सफलता अर्जित की है। इसमें कुदुदंड इंजीनियर्स कॉलोनी की अंशिता अग्रहरि सीए बनने में सफलता हासिल की है। वे नीता अग्रहरि और संदीप अग्रहरि की पुत्री हैं। वे स्कूली जीवन से ही मेधावी छात्रा रही है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजन, कड़ी मेहनत और परिजन को दिया है।

### आदर्श नव युवा मां काली सूर्या समिति भरनी का पुरस्कार वितरण समारोह

**बिलासपुर।** आदर्श नव युवा माँ काली सूर्या समिति भरनी द्वारा पुरस्कार वितरण एवं मां काली विजर्सन पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। इसमें गांव की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी की उपस्थिति मां काली महोत्सव में हुआ। अतिथियों का स्वागत समिति द्वारा श्रीफल शाल व मोमेटो से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने युवाओं से कहा कि काली की महिमा, विज्ञान व तकनीकी के इस युग में युवाओं रचनात्मक दिशा में कर्म करते हुए गांव व क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए । अतिथि राधेश्याम मंजारे ने कहा कि सांस्कृतिक व धार्मिक गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति अपने गांव और परिवार का नाम ऊंचा करता है। पुरस्कार रंगोली में प्रथम वंदना खरे, द्वितीय मंजू सागर, तृतीय शालनी खरे रही। थाली सजाओं में संध्या गढ़ेवाल, द्वितीय अनुराधा खरे, तृतीय श्रेया डोंगरे, रहीं। मेंहदी सजाओं में अनुष्का खरे, द्वितीय शबनम सोनवानी, तृतीय गोमती गढ़ेवाल रही। इसी तरह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शालनी सागर प्रथम, द्वितीय विशाल पाटले द्वितीय रहे। इसके अलावा मटका फोड़ प्रतियोगिता में आनंद सोनवानी प्रथम, द्वितीय आदि गढ़ेवाल, डांडिया में प्रथम शालनी अनुरागी, द्वितीय खुशी पाटले, तृतीय पीहू खरे, अनुष्का खरे रही। भजन मंडली जसगीत प्रतियोगिता में प्रथम जसगीत मंडली देवतरा बेलपान गाना दुलरवा जनम, द्वितीय दुर्गा उत्सव समिति जसगीत मंडली लोखंडी है।

### निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 8 तक

**बिलासपुर।** जय भगवान एक्यूप्रेशर चिकित्सा सेवा समिति द्वारा 6 दिवसीय निःशुल्क 5 वां एक्यूप्रेशर चिकित्सा का 6 दिवसीय प्रशिक्षण, 10 नवंबर सोमवार से 15 नवंबर तक रामलीला भवन (तोरवा पुलिस थाना के बाजू), तोरवा, बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक रहेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निःशुल्क पंजीकरण करने संपर्क कर सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 8 नवंबर शनिवार है।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल

### प्रत्येक समिति में पांच कर्मचारी, धान खरीदी के लिए केवल दस दिन शेष

# सहकारी समितियों के सारे कर्मचारी हड़ताल पर एग्रीस्टेक विवादों में, कैसे होगी धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ हो रही है, जिसके लिए अब केवल दस दिन ही शेष रह गए हैं। जिले की 114 सहकारी समितियों में पदस्थ सारे कंप्यूटर ऑपरेटर, प्रबंधक, लेखापाल, विक्रेता और चौकीदार अनिश्चिकालीन हड़ताल पर हैं। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की हालत भी लगभग हर जिले में विवादों में है। ऐसे में सही समय में व्यवस्थित तरीके से धान की खरीदी प्रारंभ हो पाना एक बड़ी चुनौती है। प्रशासन स्तर पर खरीदी की सारी तैयारियां होने की बात कही जा रही है, लेकिन मौके पर कहानी कुछ और है।

### खरीदी के पहले बेहतर तैयारी एक बड़ा प्रश्न

धान खरीदी प्रारंभ होने के पहले उपार्जन केंद्रों में सबसे पहले वृहद स्तर पर फड़ की साफ-सफाई आवश्यक है। इसके अलावा ज्यादातर केंद्रों में पशुओं एवं अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश रोकने बेरिकेडिंग जरूरी है। उपार्जन केंद्रों में देर शाम तक काम सुचारू रूप से चलता रहे इसके लिए बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए लाईटिंग। माइश्चर मशीन एवं तौल-कांटा मशीन की समय पर उपलब्धता एवं उसकी जांच आवश्यक है। इसी तरह साफ्टवेयर में धान खरीदी का ट्रायल रन करना। इसके अंतर्गत दो किसानों के नाम पर सांकेतिक रूप से टोकन काटना, उनसे धान की खरीदी करना एवं उनसे खरीदे गए धान का भुगतान करने की प्रेक्टिस जरूरी है, ताकि वास्तविक खरीदी से पहले ही किसी भी तरह की त्रुटि को सुधारा जा सके। सारी समितियों को 16 कॉलम में जानकारी भरकर देना है, उक्त 16 कॉलम खरीदी केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं से ही संबंधित है। 16 कॉलम की जानकारी विभिन्न विभागों से धान खरीदी के लिए नियुक्त किए नोडल अधिकारियों द्वारा भी जांची जानी है। इसके विपरीत प्रदेश में सभी सहकारी समितयों के पूरे के पूरे कर्मचारियों का एक साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होने बाद भी खरीदी के पहले बेहतर तैयारी एक बड़ा प्रश्न है।

### एग्रीस्टेक पंजीयन का विवाद

इस साल समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी उन्हीं किसानों से की जाएगी, जिनका एग्रीस्टेक पंजीयन हो चुका है। विगत लंबे समय से किसान इसके लिए जूझ भी रहे हैं। कभी एक किसान की दो गांव में जमीन होने पर, कभी शामिल खाताधारक किसान होने पर, कभी गांव में एक से अधिक महल नंबर होने पर, कभी गांव के नगरीय क्षेत्र में शामिल हो जाने पर, कभी जमीन ट्रस्ट के नाम पर होने या वनभूमि पट्टा वाली होने पर, कभी पंजीयन हो जाने, लेकिन अप्रूवल के लिए तहसीलदार के पोर्टल में नही दिखाने पर, कभी एक हिस्सेदार की जमीन का पंजीयन दूसरे हिस्सेदार के द्वारा अपने नाम पर करवा लेने, लेकिन पोर्टल में कैंसिल का विकल्प नहीं आने पर किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि जिले में 1 लाख 21 हजार के आसपास किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किया जा चुका है, लेकिन 4 हजार किसान अब भी पंजीयन के लिए शेष रह गए हैं। इसके विपरीत प्रशासन के ही अधिकारियों द्वारा दबी जुबान से एग्रीस्टेक में पंजीकृत हो जाने वाले किसानों के पंजीयन में भारी गड़बड़ी होने की बात भी कही जा रही है। ऐसे में एग्रीस्टेक पंजीयन को आधार मानते हुए धान की खरीदी करना भी एक बड़ा चैलेंज नजर आ रहा है।

### बाहरी जिलों से धान की आवक रोकने सात चेकपोस्ट

धान खरीदी के दौरान बाहरी जिले से गलत तरीके से लाए जा रहे धान की आवक रोकना भी एक बड़ा चैलेंज साबित होगा। इस दौरान बचौलिए सक्रिय हो जाते हैं। गांव के किराने की दुकानों में रखे धान एवं ऐसे किसान जो अधिया में दूसरों की जमीन पर खेती करते हैं, उनसे कम कीमतों में धान खरीदकर अधिक कीमत में समर्थन मूल्य पर परिचित किसानों के नाम पर बेचने अन्य जिलों में प्रवेश करते हैं। इन्हें रोकने हर साल प्रयास तो किया जाता है, लेकिन शत प्रतिशत सफलता नहीं मिल पाती। हालांकि प्रशासन स्तर पर इसके लिए तैयारी पूरी कर लिए जाने की बात कही जा रही है। इसके अंतर्गत सात चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इनमें छह फारेस्ट नाकों, जिनमें हरदीपारा बेरियर, सोंठी बेरियर, रतनपुर बेरियर, कुवांरीमुड़ा बेरियर, पटैता बेरियर, केकराडीह बेरियर एवं लावर स्थित खनिज जांच चौकी में विशेष चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं।

### फिलहाल फर्क नहीं पड़ रहा

धान खरीदीकी तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। ऑपरेटरों की हड़ताल से तैयारी प्रभावित तो हो रही हैं, लेकिन अभी खरीदी में समय शेष है, जिससे कोई विशेष फर्क फिलहाल नहीं पड़ रहा है। अगर हड़ताल लंबी चली तो इसका विकल्प भी तैयार किया जाएगा, ताकि धान खरीदी में कोई व्यवधान न हो।

**-चंद्रशेखर जायसवाल**, उपायुक्त सहकारिता विभाग

### बनाए गए हैं चेकपोस्ट

बाहरी जिलों से धान की आवक रोकने के लिए टीम एवं चेकपोस्ट निर्धारित किए जा चुके हैं। इसके अंतर्गत सात चेकपोस्ट बनाए गए हैं, जिनमें 6 फारेस्ट के एवं एक खनिज विभाग का है। इन सभी चेकपोस्ट में तैनात कर्मचारियों द्वारा बाहरी जिलों से आने वाले धान एवं संबंधित किसान के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। एग्रीस्टेक पंजीयन फिलहाल 4 हजार किसानों के शेष हैं। इनके पंजीयन के लिए पटवारियों को निर्देशित किया गया है।

**-अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

## अंधेरा होने के बाद शराबियों का जमावड़ा लगता है

# पांच करोड़ का एमएफसी जर्जर आ रहा आटो खड़े करने के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में कामर्शियल उपयोग और कमाई करने के लिए पांच करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स की बिल्डिंग काफी जर्जर हो चुकी है, यहां शाम अंधेरा होने के बाद शराबियों का जमावड़ा लगता है। इस बिल्डिंग को रेल प्रशासन तोड़ नहीं पा रहा है, जिसके कारण आटो चालकों ने बिल्डिंग के बाहर अपना कब्जा जमा लिया है।

पांच साल से रेलवे को करोड़ों रुपए का लायसेंस शुल्क अदा नहीं करने पर मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स के संचालक को नोटिस देकर दुकान आधी खाली कराई गई थी। संचालक ने दुकान तो खाली कर दिया, लेकिन बिल्डिंग को तोड़ा नहीं गया है।

करोड़ों की लायसेंस फीस और एमएफसी खाली नहीं करने के एवज में संचालक कोर्ट चला गया। एक साल तक कोर्ट में केस चलने के बाद रेलवे के हक में फैसला सुनाया गया। केस जीतने के बाद रेल प्रशासन की ओर से एमएफसी के संचालक को बिल्डिंग को पूरी तरह से खाली करने का नोटिस जारी कर दिया गया। इस नोटिस के बाद मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स का ठेका लेने वाले ठेकेदार ने पूरी बिल्डिंग तो खाली कर दी, लेकिन वहां अपना ताला लगा दिया। रेलवे ने जब बिल्डिंग को तोड़ने के लिए अपने स्टाफ भेजे तो ठेकेदार ने हाईकोर्ट में मामला लगा दिया। हाईकोर्ट में मामला चलने के कारण अब रेलवे भी बिल्डिंग को खाली नहीं करा पा रहा है, जिसके कारण अब रेलवे की बिल्डिंग शराबियों और जुआरियों का अड्डा बन गया है, जहां सबसे अधिक आटो चालक ही दिखाई देते हैं।



### तीन लाख प्रतिमाह किराया

राजस्व कमाने के उद्देश्य से रेल प्रशासन ने बिलासपुर मंडल के रायगढ़, चांपा, कोरबा के अलावा जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में आरक्षण कार्यालय के बगल में मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स बनाने की अनुमति दी थी, जिसके लिए प्रतिमाह लायसेंस शुल्क की राशि 3 से साढ़े 3 लाख रुपए रखी गई। अनुबंध के बाद इरकॉन ने बिलासपुर में मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स बनाकर तैयार कर दिया। इसका ठेका रायपुर की एक कंपनी ने लिया था।

### कर दिया गया था गड्ढा

मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स के ठेकेदार को लायसेंस शुल्क अदा नहीं करने पर रेल प्रशासन ने कई बार नोटिस भेजा। इस नोटिस के एवज में ठेकेदार ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। एक दो साल तक चलने वाले मामले में कोर्ट ने रेलवे के पक्ष में फैसला सुना दिया। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद भी ठेकेदार ने दुकानों को खाली नहीं किया, जिसके कारण काम्पलेक्स के सामने मशीन चलाकर गड्ढा कर दिया गया था। यह गड्ढा वर्तमान में आटो चालकों ने पाट दिया है।

### मामला हाईकोर्ट में

मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स की सभी दुकानों को खाली करा दिया गया था, लेकिन कोर्ट में केस चलने के कारण आधे से अधिक सामान बिल्डिंग के अंदर रखे थे। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से रेलवे ने केस जीत लिया है। इसके बाद ठेकेदार हाईकोर्ट चला गया है, जिसकी वजह से अभी यह मामला पेंडिंग पड़ा हुआ है।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## टेट की अनिवार्यता समाप्त करने दिल्ली में शिक्षक देंगे धरना

■ पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा की बैठक

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र दुबे, प्रदेश संयोजक लैलूंन भारद्वाज, प्रदेश संयोजक विकास राजपूत, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी, विवेक शर्मा शामिल हुए।

बैठक में शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग तथा पुरानी पेंशन बहाली राज्य के कार्मिकों का पीएफआरडीए में जमा एनपीएस राशि को वापस करने की मांग को लेकर जंतर मंतर दिल्ली में 4 जनवरी 2026 को धरना, प्रदर्शन एवं रैली निकाली जाएगी। इस दौरान केंद्र सरकार एवं एनसीटीई को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में देशभर के शिक्षक 4 जनवरी 2026 को जंतर मंतर दिल्ली में जुटेंगे। केंद्र सरकार से मांग रखेंगे कि जिस राज्य में टीईटी की अनिवार्यता जब से लागू की गई है उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने का अध्यादेश पारित किया जाए। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक सेवावाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था। इसी तरह अन्य राज्यों में भी अलग अलग तिथि में टीईटी की अनिवार्यता की गई है। अतः केंद्र सरकार या तो सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर करें या लोक सभा में अध्यादेश लाकर सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने आवश्यक पहल करे।

## उद्योगपतियों ने की फरियाद, फोरम ने दिया आदेश, विद्युत देय नहीं होगा वापस



**बिलासपुर।** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के नवीन गठन के बाद लगातार मामला आ रहे हैं। हाल ही में नया टैरिफ लागू होने के बाद एलटी से एचटी कनेक्शन के देय बिजली बिल की वसूली के लिए उद्योगपतियों ने उक्त फोरम से शिकायत की है। फोरम ने फैसला सुनाते हुए देय बिल की वसूली नहीं होने का आदेश पारित कर दिया है।

बिजली विभाग ने एलटी यानी निम्नदाब के कनेक्शन को 200 एचपी तक बढ़ा दिया है, इस बावत जनवरी में आदेश लागू है, लेकिन विभाग ने बिलिंग के लिए टैरिफ का बदलाव जूलाई 2025 लागू किया है। जनवरी से जूलाई के बीच 200 एचपी के एलटी कनेक्शनधारियों को एचटी कनेक्शन के अनुसार ही ट्रैरिफ पर बिजली का बिल थमाया गया था। इसके विरोध में एलटी कनेक्शनधारी कुछ उद्योगपतियों ने फोरम के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की, जिसमें तखतपुर के मेसर्स जनता राईस, जांजगीर मेसर्स हसदेव मिनरल्स,जांजगीर मेसर्स सावित्री राइस मिल ने प्रस्तुत शिकायत में देय भुगतान की राशि को एलटी कनेक्शन के टैरिफ में समायोजित करने की बात की। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम ने वादी और प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर फैसला देते हुए कहा कि टैरिफ नियामक आयोग द्वारा तय किया गया है, वहीं उपभोक्ताओं को जारी देयक बिल एलटी कनेक्शन के अनुसार है, ऐसे में बिल का समायोजन नहीं किया जा सकेगा। आदेश के विरूद्ध उद्योगपति 45 दिनों के भीतर विद्युत लोकपाल से शिकायत कर सकेंगे।

## बिजनेस प्लस

### अपना मार्ट में होलसेल हफ़्ता का आख़िरी दिन आज




**बिलासपुर।** अपना मार्ट का होलसेल हफ़्ता का 6 नवंबर को आखरी दिन है। अपनामार्ट के प्रवक्ता अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए संस्थान द्वारा 30 अक्टूबर से होलसेल हफ़्ता की शुरुआत की गई है। इसका समापन 6 नवंबर को होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान ग्राहकों ने जमकर शॉपिंग की । ग़ौरतलब है कि होलसेल हफ़्ता के आख़िरी दिन मालामाल थर्सडे ऑफर भी है जहां ग्राहको को आधे से भी कम रेट में आलू और प्याज मिलेगा। इस डबल धमाल ऑफर के कारण आज ग्राहको की बड़ी संख्या शॉपिंग करते दिखेगी । ग्राहक होलसेल हफ़्ता में डेली ज़रूरत का सभी सामान जैसे चावल, दाल, आटा, कॉस्मेटिक्स क्लीनिंग प्रोडक्ट इत्यादि सभी कुछ होलसेल रेट पर ख़रीद सकते है। श्री सिंह ने सभी लोगो से निवेदन किया है कि देर किए बिना होलसेल हफ्ता का लाभ उठाएँ। ।

## खेल की खबरें

### हॉकी शताब्दी वर्ष पर एक साथ देश के 650 जिलों में मैच होगा



**बिलासपुर।** 7 नवंबर को भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, हॉकी के जिला अध्यक्ष रोहित बाजपेई ने बताया कि यह शताब्दी शहर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। दो दिनों तक विभिन्न प्रकार के आयोजन होंगे, इस अवसर पर हॉकी इंडिया के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के मार्गदर्शन में बहतराई हॉकी स्टेडियम में प्रदर्शन हॉकी मैच आयोजित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि हॉकी ओलंपियन अजीत लाकड़ा होंगे। 8 नवंबर को सेजेस लिंगियाडीह स्कूल में विद्यालय के खिलाड़ियों एवं छात्रों के लिए हॉकी के संदर्भ में क्विज,ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ हॉकी संघ द्वारा हॉकी स्टिक का वितरण भी किया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुशांत शुक्ला एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ एम के मिश्रा मौजूद रहेंगे। महासचिव डॉ मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि देश के 650 जिलों में एक साथ हॉकी मैच का आयोजन होना है, एवं जिसमें तकरीबन एक हजार मैच एक साथ पूरे देश में खेले जाएंगे जो एक रिकॉर्ड है और यह गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव रवि पारीक, अमिताभ मानिकपुरी, धनीराम यादव, सोनू सिंह जुटे है।

### ताइक्वांडो में एलसीआईटी की पल्लवी ने जीता गोल्ड



लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बोदरी की ताइक्वांडो खिलाड़ी पल्ल्वी पाटले ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आबंटित एकीकृत राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की मेजबानी में आयोजित किया गया। जिसमें एलसीआईटी में कंप्यूटर साइंस इंजीनिरिंग तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पल्ल्वी पाटले ने खिलाड़ियों को हराकर गोल्ड मैडल जीतकर एलसीआईटी कालेज का नाम रोशन किया। इसके साथ आल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की ताइक्वांडो टीम में जगह बनाई है।

### अथर्व, ज़यान और आर्ना, अन्वेशा शर्मा बने बैडमिंटन चैंपियन



राज्य स्तरीय अंडर बालक-बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के बैडमिंटन खिलाड़ी भाग लेंगे। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अरविंद गोयल एवं सचिव डॉ चंद्राकर ने बताया कि, पूर्व निर्धारित खेल सारणी अनुसार जिला बैडमिंटन संघ द्वारा अंडर 15,17 वर्ग के बालक -बालिकाओं लगभग 95 ने भाग लेकर अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। विजेताओं को जिला बैडमिंटन संघ उपाध्यक्ष और रेड डायमंड बैडमिंटन संघ के संचालक मनीष उभरनी ने पुरुस्कार वितरण किए। आयोजन के मुख्य रेफरी गुरदीप सिंग,कमल राय रहे,इस अवसर पर योगेश गंभीर, हेम कुमार पांडे,जावेद अली,संदीप यादव,राजीव यादव,सुनील वर्मा,जय सिंगयासी,लव श्रीवास,सूरज,चलाचल, वैभव,तुषार आदि बड़ी संख्या में खिलाड़ी कोच उपस्थित रहे।

### टेबल टेनिस में वीर ने जीता स्वर्ण



भारत माता आंग्ल माध्यम शाला के कक्षा नवमी के छात्र वीर भारद्वाज ने राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में आकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्होंने अंडर 17 कैटेगरी में यह स्वर्णिम उपलब्धि प्राप्त की है,राज्य स्तर पर यह प्रतियोगिता दुर्ग-भिलाई में आयोजित की गई। उनके इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य फादर सलीन पी और मैनेजर फादर देवासिया मणिमाला ने छात्र को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। शाला के खेल शिक्षक रेजीनॉल्ड पारेख और समस्त शिक्षकाओ ने छात्र को बधाई प्रेषित की।

### क्रिकेट संघ की बिलासपुर ब्लू अंडर 14 टीम घोषित



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए 165 बच्चों ने आधारशीला विद्या मंदिर में ट्रायल दिया था जिसमें से 75 खिलाड़ियों का कैंप और सिलेक्शन मैच कराया गया था। सिलेक्ट के रूप में सुशांत शुक्ला, मोइन मिर्जा, आशुतोष दीक्षित और अतुल शर्मा ने फिजिकल फिटनेस, बल्लेबाजी, गेंदबाजी ,क्षेत्र रक्षण को देखते हुए,बिलासपुर ब्लू अंडर 14 टीम घोषित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 14 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 4 नवंबर से छत्तीसगढ़ के अलग- अलग मैदान में खेला जाएगा। जो कि नॉक आउट खेला जाएगा और 50 ओवर के वनडे के रूप में खेला जाएगा। और जिसमें 4 ग्रुप बनाया गया है विलासपुर ब्लू की टीम ग्रुप सी में है इसके अलावा जांजगीर चांपा और कवर्धा है।

## खबर संक्षेप

### गुप्ता समाज ने मनाई महर्षि कश्यप की जयंती



**तखतपुर।** रतनपुरिया कसौधन वैश्य गुप्ता समाज तखतपुर ने महर्षि कश्यप की जयंती पर उनका पूजा-आरती की। इस अवसर पर समाज के विष्णु साव, बलदाऊ गुप्ता, बसंत गुप्ता, संतोष गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, डॉ अश्विनी संजय गुप्ता, भोलू गुप्ता, राजू गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, अनीश गुप्ता, श्याम गुप्ता, धन्ना गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, पवन गुप्ता, दीपक गुप्ता सहित समाज के विशिष्ठ लोग और तेजस्विनी महिला मंडल गुप्ता समाज की सभी महिला पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं।

### अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मनाई देव दीपावली



**तखतपुर।** अग्रवाल समाज की महिलाओं ने कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा कर देव दीपावली का पर्व मनाया। तखतपुर के परमेश्वरी सरोवर में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के साथ सामूहिक पूजन का आयोजन किया। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर संगीतमय गंगा आरती में श्रद्धा के साथ भाग लिया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आरती, भजन एवं कथा श्रवण कर समाज और देश के कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़, रूखमणी अग्रवाल, ममता अग्रवाल, उषा अग्रवाल, सरिता, सुमन, सरोज अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में 99 मरीजों का इलाज



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मोबाइल मेडिकल युनिट की ओर से नगर पालिका तखतपुर क्षेत्र के रावणभाठा परिसर, पुराना थाना गुरूद्वारा रोड के पास, विशेष अभियान के तहत 2 स्थल बेलसरी हॉस्टल एवं टिकरीपारा हॉस्टल के पास शिविर लगाया गया। शिविर में 35 पुरूष एवं 46 महिला एवं 18 बच्चे सहित कुल 99 मरीजों का इलाज किया गया। इनमें से 27 मरीजों को लैब टेस्ट तथा सभी 99 मरीजों को दवा का वितरण किया गया। कैम्प का निरीक्षण अमरेश सिंह मुख्य नपा अधिकारी ने किया। इस कैंप में डॉ पीके वर्मा, एपीएम आरती यादव, नर्स रिहाना बेगम, फार्मासिस्ट मोहित राम कश्यप और लैब टैक्नीशियन कौशल कुर्रे उपस्थित रहे।

### भक्तों ने सागर मईया में स्नान कर किया दीप दान



**सकरी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सागर स्थित पवित्र सरोवर सागर मईया में बुधवार को स्नान कर दीप दान करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर भगवान त्रिपुरारी की आराधना कर सवा लाख दीपों का दान किया। मान्यता के अनुसार जब त्रिपुरासुर नामक राक्षस ने आतंक मचाया, तब भगवान त्रिपुरारी ने त्रिपुरासुर का वध किया। इसके बाद लोगों ने दीप दान किया था। इसी आस्था के साथ सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्तियों पवित्र सरोवर में दीप प्रवाहित किया।

### पथरिया में धूमधाम से मनाई गई गुरुनानक जयंती

**पथरिया।** गुरुनानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व नगर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुरुद्वारे पहुंच कर लोगों ने माथा टेका। हर ओर संत वाणी गूंजती रही एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। नगर में इससे पूर्व एक सप्ताह प्रभात फेरी निकाली गई थी, जिसके लिए जिसका सभी घरों में जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। प्रकाश पर्व को मौके पर शाही दीवान सजाया गया और पाठ कीर्तन के साथ ही निशांन साहब का चोला परिवर्तन किया गया। जिसके बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया गया, जिसमें नगर के नागरिक या जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कृषक व मजदूरों ने भाग लिया।

## पुरातत्व विभाग की शिकायत पर पुलिस ने रुकवाया काम

# नियमों को ताक पर रख कर गज किले में अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

राष्ट्रीय महत्व के संरक्षित स्मारक गज किला रतनपुर में अवैध तरीके से खुदाई करने का मामला सामने आया है। भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की शिकायत पर रतनपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध कार्य रुकवाया और मजदूरों को थाने लाकर पूछताछ की।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता नीरज जायसवाल द्वारा गज किला परिसर की बाउंड्री वॉल के भीतर, जो कि संरक्षित क्षेत्र है, मजदूर लगाकर खुदाई कराई जा रही थी। पुरातत्व विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्य बंद करने का निर्देश दिया, लेकिन ठेकेदार पक्ष ने आदेश नहीं माना। इसके बाद विभाग के कर्मचारी ने इसकी लिखित शिकायत थाना रतनपुर में दर्ज कराई। शिकायत पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और उत्खनन कार्य तुरंत बंद कराया। आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर काम कर रहे मजदूरों को थाने लाकर पूछताछ की। बाद में मकान मालिक नीरज जायसवाल थाने पहुंचे, और आश्वासन दिया कि भविष्य में कोई अवैध कार्य नहीं करेंगे। इस पर पुलिस ने चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया।









### सुप्रीम कोर्ट और एएसआई के नियमों का उल्लंघन

गज किला के बाहर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सूचना बोर्ड लगा हुआ है, जिसमें स्पष्ट लिखा है कि, स्मारक की सीमा से 100 मीटर के भीतर किसी भी प्रकार का निर्माण, तोड़फोड़ या खुदाई पूरी तरह से प्रतिबंधित है। 200 मीटर की परिधि में कोई भी निर्माण केवल संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकता है। एएसआई अधिकारियों का कहना है कि, इस प्रकार का कार्य प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्त्विक स्थल तथा अवशेष अधिनियम 1958 और राजपत्र अधिसूचना का उल्लंघन है। इन प्रावधानों के तहत दोषी व्यक्ति को 2 वर्ष तक की सजा या 1 लाख तक जुर्माना अथवा दोनों का दंड दिया जा सकता है। पुरातत्व विभाग ने दी चेतावनी- पुरातत्व विभाग ने कहा कि, गज किला एक राष्ट्रीय महत्व का संरक्षित स्मारक है। इसकी सीमा के भीतर किसी भी प्रकार का निर्माण या खुदाई कानूनन अपराध है। आरोपी को चेतावनी दी गई है, और दोबारा उल्लंघन होने पर एफआई दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किले का ऐतिहासिक महत्व- गज किला रतनपुर व छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहरों में से एक है। यह स्थल कलचुरी राजाओं के समय का ऐतिहासिक स्मारक है। किला भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के अधीन राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के रूप में सूचीबद्ध है।

## मां की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**पेंड्रा।** गौरेला में मां की हत्या करने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने आरोपी बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

■ शराब के लिए पैसे न देने पर आरोपी ने की थी हत्या

दरअसल मामला 14 जुलाई 2024 का है, जब गौरेला थाना क्षेत्र सारबहरा गांव निवासी अर्जुन सिंह भैना ने शराब के लिए अपना मां रोशनी बाई से पैसे मांगें। उसकी मां रोशनी बाई ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने गुस्से में आकर रापा के हत्थे से उस पर जानलेवा हमला कर दिया।



घायल मां अपनी जान बचाने के लिए पड़ोसी के घर भागी, लेकिन वहीं उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर गौरेला पुलिस ने 16 जुलाई 2024 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले की सुनवाई के बाद द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड एकता अग्रवाल ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत आरोपी को आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

अर्थदंड नहीं भरने की स्थिति में आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने पैरवी की।

## जानवरों के शिकार के लिए बिछाए करंट में फंसा युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

बिलासपुर रेंज के जंगलों में वन विभाग की अनदेखी और शिकारियों की करतूत का भयावह परिणाम सामने आया है।



जंगली जानवरों के शिकार के लिए करंट का जाल बिछाने के कारण एक आदिवासी युवक की दर्दनाक मौत हो गई। कोटा थाना क्षेत्र के करपिहा जंगल में 3 नवंबर को मिली अधजली लाश से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान जूनापारा चौकी क्षेत्र के छिरहापारा निवासी अयोध्या खुसरो के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार वह 29 अक्टूबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी 1 नवंबर को दर्ज कराई गई थी। जांच में सामने आया कि, अयोध्या अपने गांव के ही दो साथियों के साथ जंगल गया था। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि, करंट से भरे खंभे से खींचे गए खुले तार में अयोध्या उलझ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भय के कारण दोनों साथी उसे वहीं छोड़कर वापस लौट आए। बाद में शव को जलाकर छुपाने की कोशिश की गई। प्रारंभिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि, गांव का ही एक व्यक्ति लंबे समय से जंगली जानवरों के शिकार के लिए अवैध रूप से करंट वाला तार बिछाता था। इसी कड़ी में पुलिस ने इस मामले में 5 संदेहियों को गिरफ्तार कर उनसे विस्तार से पूछताछ शुरू कर दी है।

## अद्भूत नेतृत्व क्षमता के कारण पटेल को लौह पुरुष कहा गया: धर्मजीत



**तखतपुर।** चंद्रनाहू कूर्मि समाज परिक्षेत्र तखतपुर ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह का आयोजन बेलपान में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, सरदार वल्लभ भाई पटेल अपने दृढ़ इच्छाशक्ति और अदम्य साहस के बल पर देश के 562 देशी रियासतों को एकीकरण कर देश को एकता के सूत्र में पिरोया।

जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी रियासतों को भी उन्होंने अपनी कूटनीति से अखंड भारत का हिस्सा बनाया। स्वतंत्रता से पूर्व आपने बारडोली और खेड़ा किसान आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसके चलते ही महात्मा गांधी ने इन्हें सरदार की उपाधि दी। सरदार पटेल में अद्भूत नेतृत्व क्षमता होने के कारण आगे चलकर उनको लौह पुरुष भी कहा गया। इस अवसर पर प्रदीप कौशिक अध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच, ललिता संतोष कश्यप उपाध्यक्ष जिपं बिलासपुर, गौकरण कौशिक, संतोष कश्यप पूर्व अध्यक्ष, रामस्वरूप कश्यप, पूर्व अध्यक्ष शिव प्रसाद कश्यप, होरी लाल कश्यप, जगन्नाथ कौशिक, रामाशंकर कौशिक, संतराम कौशिक, राजाराम कौशिक, अशोक कश्यप, ध्रुव कश्यप, घनश्याम कश्यप, प्रमोद कौशिक, सतीश कश्यप, युवा उपाध्यक्ष, धनंजय कश्यप, हेमचंद कौशिक, सीताराम कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, गौकरण कश्यप, नीरा कश्यप, उषा कौशिक, रंजीता कश्यप बड़ी संख्या में कुर्मी समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा संगठन महासचिव टीकम कौशिक ने किया एवं स्वागत भाषण युवा अध्यक्ष प्रीतम कश्यप प्रस्तुत किया। साथ ही आभार प्रदर्शन सचिव बिसाहू राम कश्यप ने किया। इन्हें किया गया सम्मानित- इस मौके पर ललिता संतोष कश्यप जिपं उपाध्यक्ष, श्यामसुंदर कश्यप अध्यक्ष सरपंच संघ, ऋषभ कश्यप जनपद सदस्य, हरदेव कश्यप सरपंच टिकरी, सुभद्रा प्रमोद कौशिक, सरपंच करनकापा, संजीव कश्यप सरपंच चोरमा, बेबी विनोद कश्यप सरपंच बिरगांव, अंबालिका कश्यप सरपंच निगरबंद, संजय कौशिक, सरपंच टांडा, अमिता अजय कौशिक, सरपंच कपसिया कला, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में सिमरन कश्यप, ट्विंकल कश्यप, आस्था कौशिक, स्वनिधि कौशिक, खुशी कश्यप, प्रशांत कश्यप, श्रेया कश्यप, रिया कश्यप, खुशी कश्यप, स्वानिधि कश्यप, डिंपल कश्यप, ओम कश्यप को सम्मानित किया गया।

### गौ नंदी भंडारा एवं गौ शोभायात्रा का आयोजन

**पेंड्रा।** पशुपतिनाथ गौ सेवा समिति पेंड्रा के तत्वावधान में गौ नंदी भंडारा एवं भव्य गौ शोभायात्रा का आयोजन हर्षोल्लास व धार्मिक उल्लास के बीच संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि, यह आयोजन मूल रूप से गोपाष्टमी पर किया जाना प्रस्तावित था, किंतु विशेष कारणवश इसे एकादशी की शुभ तिथि पर किया गया। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग की ओर से नियुक्त प्रथम जिला अध्यक्ष रामजी श्रीवास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में समिति के उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, कृष्णा गौतम पंडित जी, उदय सराफ, राकेश ताम्राकार, कुलदीप शुक्ला, सतीश श्रीवास, आनंद बजाज, दीपक ताम्रकार, आदित्य ठाकुर, कृष्णा थदलानी, संजय विश्वकर्मा, नीलेश मिश्रा, दीपेन्द्र यादव, सत्यनारायण साहू, सौरभ साहू, अविनाश पंजाबी, धर्मप्रकाश मिश्रा, अमन शुक्ला एवं छोटू शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु एवं गौभक्तों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## प्रेम में स्वार्थ नहीं, विश्वास होना चाहिए: चिन्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

मानस मंच में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन दिवस श्री कथावाचक चिन्मयानंद बापू ने बताया कि रामचरितमानस व भगवान राम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देती है।

■ पत्नी के साथ कथा में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

इस पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव पत्नी मीणा साव के साथ कथा श्रवण करने पहुंचे। उन्होंने बेर से बनी भगवान श्रीराम की तस्वीर बापू को भेंट कर आशीर्वाद लिया। कथा का विस्तार करते हुए चिन्मयानंद बापू ने कहा कि, प्रारब्ध के कारण आपकी कल्पनाएं पूर्ण नहीं होती हैं। सुख और दुख हमें प्रारब्ध के कारण मिलता है। श्री बापू ने आगे कहा कि, प्रेम में स्वार्थ नहीं होना चाहिए, प्रेम में विश्वास होना चाहिए। माता पार्वती श्रद्धा हैं व भगवान शिव विश्वास हैं। उन्होंने पति-पत्नी के रिश्ते के संदर्भ में कहा कि, जो लोग अपनी पत्नी को धोखा देते हैं वे संसार में बहुत दुख पाते हैं। बापू ने कहा जो पार्टनर हमको मिला है, वही हमारे लिए सब कुछ है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव अपनी पत्नी मीना साव के साथ भगवान राम जन्मोत्सव में शामिल होकर बापूजी से आशीर्वाद लिया। कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु व भक्त उपस्थित रहे। गुरुवीर की कथा में भगवान राम की बाल लीलाओं का वर्णन, विश्वामित्र जी का आगमन, ताड़का वध आदि कथा का वर्णन किया जाएगा। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे पहुंचे साव- डिप्टी सीएण अरुण साव बुधवार की शाम पत्नी मीना साव के साथ गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर लोरमी गुरुद्वारे में हाजिरी लगाई। दोनों ने माथा टेक कर गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाया और लोरमी सहित पूरे प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए विशेष अरदास का आयोजन कराया।



## बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मल्हार तक बस का संचालन शुरू

**मल्हार।** यात्री सुविधाओं और पर्यटकों के लिए बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मल्हार तक शुरू की गई सीटी बसों के नियमित संचालन नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, विगत वर्षों से सिटी बसों के खस्ता हाल होने से यात्री सुविधाओं में कमी आई है। सन 2015 में मल्हार रूट के लिए 6 सीटी बस संचालित करने स्वीकृति हुई थी, जिसमे 5 बसें चल रही थीं। हालांकि, कोरोना काल मे दो वर्षों तक बसों का संचालन नहीं हुआ, लेकिन इसके बाद फिर से 3 गाड़ियों का संचालन शुरू किया गया था। विगत 6 माह से एक भी बस इस रूट में नहीं चल रही थी, इन बसों के नियमित संचालन नहीं होने से मल्हार आने वाले पर्यटकों पर खासा असर पड़ा है। साथ ही कॉलेज व स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को भी परेशान होना पड़ रहा है। पूर्व में मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों व आम नागरिकों ने बिलासपुर कलेक्टर को आवेदन पत्र देकर नियमित रूप से सभी गाड़ियों को चलाने की मांग की थी। बताया जा रहा है कि, नई इलेक्ट्रॉनिक सिटी बस चालू होने तक वर्तमान में सिर्फ एक ही सिटी बस मल्हार रूट में चलेगी। शुक्रवार से शुरू हुई इस बस से दैनिक यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## अक्षता एवं विकृति रोकथाम शिविर में 152 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

जिले के कुष्ठ व टीबी के संदेहास्पद मरीजों की पहचान व जांच कर उनकी पूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम भथरी में सरपंच प्रतिनिधि संतोष बंजारे के सहयोग से अक्षता एवं विकृति रोकथाम शिविर का आयोजन किया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 8 पुराने कुष्ठ मुक्त रोगी मरीजों को सेल्फ केयर किट व एमसीआर चप्पल प्रदान की गई, जो इन्हें संक्रमित अंगो में होने वाले घावों से सुरक्षा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त 12 मरीजों को जल तेल मालिश पद्धति से उपचारित किया गया। साथ ही 2 एमबीकेस शिविर में चिन्हांकित किया गया एवं उनकी जांच कर एमडीटी शिविर में ही प्रारम्भ की गई। उपरोक्त शिविर में 152 मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी मरीज 14, पेटदर्द 15, बुखार 15, दाद खाज खुजली 11, बीपी 5 शुगर 7, कमजोरी 25, हाथ पैरदर्द 40, कान से संबंधित 5 एवं आंख से संबंधित 7 मरीज शामिल थे। टीबी के इन संदेहास्पद मरीजों का बलगम सीबीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया जाएगा। जिला क्षय-कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने सभी मरीजों की जांच एवं उपचार कर इन्हें दवाई एवं परामर्श भी दिया। साथ ही पाम्पलेट वितरण कर मितानिनों को कुष्ठ एवं टीबी से बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी प्रदान की गई। इस जनजागरण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, एसटीएस सुमेश जायसवाल, एएनएम आरआर साहू, सुपरवाइजर शारदा पाठक, सुपरवाइजर संगीता डेविड, एनएम स्वाति, सीएचओ प्रणव सागर एवं मितानिनें मौजूद रहीं।

### मौहाभाठा में संगीतमय रामायण का आयोजन

तखतपुर। ग्राम मौहाभाठा में संगीतमय रामायण का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र की 9 मानस मंडलियों ने हिस्सा लिया। आयोजन में भगवान श्रीरामचंद्र की अमृतमयी कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पिल्लूराम साहू ने किया। इस अवसर पर विवेक राम साहू, कृष्णा साहू, दीन बंदू साहू, लव साहू, पूर्व सरपंच पंकज साहू, ढेलऊ राम, श्याम साहू, मालिक राम साहू, परस राम साहू, पूनम साहू, बहादूर साहू, प्रेम लाल, मुरारी यादव, शेर सिंह, पंकज साहू, किशुन कोलाम, फुल सिंह, उमेश पटैल, चैतराम पटैल, मुन्ना पटेल, धुनीराम पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### तमेरपारा में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ 14 से

**तखतपुर।** श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 14 से 22 नवम्बर तक तमेरपारा में में किया गया है। इसमें कथा व्यास पं नवीन पाठक एवं यजमान ट्विंकल मुकेश ताम्रकार रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में भूषण, भारत, तिलक, राजा, बाबा, विजेंद्र, राजेंद्र, भावेश, प्रिंस सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने राजकुमार



**पथरिया।** साहू समाज तहसील सरगांव के अंतर्गत बदरा ठाकुर परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष के रूप में राजकुमार साहू को नियुक्त किया गया। साथ ही महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीतू साहू को बनाया गया है। बुधवार को ग्राम अंडा में समाज की बैठक में दोनों की नियुक्ति की गई। बैठक में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष गोविंद साहू, जिला अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ भेकचंद साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष शोभनाथ, देवलाल साहू, मनोज साहू, शंकर साहू, देवचरण साहू, जवाहर साहू, संतोष साहू सहित अनेय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आज एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे युकांई

**पथरिया।** नगर पंचायत पथरिया में प्रशासनिक अनियमितताओं और बढ़ते बिजली बिलों को लेकर अब युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए तैयार है। जानकारी के अनुसार पथरिया ब्लॉक युकां एवं जिला मुंगेली युकां गुरुवार के द्वारा 6 नवंबर को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उक्त जानकारी कांग्रेस पार्षद दीपक साहू ने दी।

### रामायण पाठ एवं भजन का आयोजन




**लखराम।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट की ओर से रामायण पाठ एवं भजन का आयोजन किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर लखराम में रामकुमारी यादव के निवास स्थान पर रामायण का पाठ और भजन कीर्तन किया गया, जिसमें लखराम मातृशक्ति प्रभारी शशि, राम कुमारी गुप्ता, चंपा साहू, आरती केवट, सावित्री केवट, हेमलता साहू, सुमन यादव, पूजा निर्मलकर उपस्थित रहीं। ट्रस्टी अध्यक्ष गुरुदेव संकर्षण शरण ने इस पवित्र आयोजन के लिए सबको साधुवाद दिया।

## निधन

### दिलीप देवी गौराहा



**बिलासपुर।** लगरा निवासी दिलीप देवी गौराहा का बुधवार शाम को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दीनदयाल कॉलोनी बहतराई निवासी प्रवेश गौराहा की माता थीं।

### सुधांशु यादव



**बिलासपुर।** आवास पारा जयहिंद नगर सिरगिटटी निवासी सुधांशु यादव का 5 नवंबर को निधन हो गया। वे 12 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 6 नवंबर को शाम 4 बजे सिरगिट्टी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पुरुषोत्तम यादव के पुत्र थे।

### तुलसीदास गौतम



**बिलासपुर।** एसईसीएल के सेवानिवृत सब एरिया मैनेजर मैहर मध्यप्रदेश निवासी तुलसी दास गौतम का निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 5 नवंबर को दोपहर 2 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे रेणु रानी गौतम के पति थे।

### बोधन प्रसाद दीक्षित



**बोदरी।** ग्राम सेंवार के प्रतिष्ठित मालगुजार सेवानिवृत शिक्षक श्री बोधन प्रसाद दीक्षित का निधन नवंबर 5 बुधवार को हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सेंवार में किया गया। वो रूपचंद दीक्षित एवं राजकुमार दीक्षित के पिताजी थे।

## तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का समापन

# 25 सालों में हमने विकास के सभी पायदान में प्रगति की: मोहले

**कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले और लोक गायक सुनील सोनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर मुंगेली के वीर धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर विकास की झलकियों का प्रदर्शन किया। बुधवार को राज्योत्सव का समापन मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहले ने कहा कि, 1 नवंबर 2000 को अपनी स्थापना के पश्चात हमारा राज्य 25 वर्ष यानी रजत वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इन 25 वर्षों में हमारे राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास पेयजल सहित विकास की सभी पायदान में बेहतर प्रगति की है। किसी जमाने नवोदित राज्य कहलाने वाला हमारा प्रदेश विकास एवं सांस्कृतिक गौरव के उत्कर्ष के साथ अन्य राज्यों के लिए मिसाल बन रहा है। खनिज वन संसाधनों से परिपूर्ण हमारा छत्तीसगढ़ सूर्योदय की तरह चमक रहा है। उन्होंने कहा कि, मुंगेली जिले ने 2012 में अपनी स्थापना के बाद से ही विकास के नए कीर्तिमान गढ़े हैं। जिला बनने से लोगों को अपनी समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, साथ ही सुदूर वनांचल में भी विकास का उजियाला पहुंच रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, छत्तीसगढ ने 25 साल की यात्र पूरी की है। उन्होंने बताया कि, सिविल सेवा तैयारी के दौरान छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और यहां की सांस्कृतिक समृद्धता के बारे में जानने का मौका मिलता था। उन्होंने कहा कि, यह मेरा सौभाग्य है कि अपनी सेवा के 15 सालों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्र का साक्षी बन रहा हूं। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी ने राज्य स्थापना एवं जिले के विकास को रेखांकित करते हुए राज्योत्सव की शुभकामनाएं दी। मंच संचालन अशोक सोनी एवं रामपाल ने किया।



राज्योत्सव में सम्मानित खिलाड़ी।

इस अवसर पर एडीएम निष्ठा पांडे तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, जनप्रतिनिधि गुरमीत सिंह सलूजा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**लोक गायक सुनील रहे आकर्षण-** राज्योत्सव के समापन समारोह मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक गायक सुनील सोनी थे। उनकी छत्तीसगढ़ी गीतों ने ऐसा समां बांधा कि, उन्हें देखने और सुनने के लिए श्रोताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले और प्रसिद्ध लोक गायक सुनील सोनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### जिले की विभूतियों को किया गया सम्मानित

रजत जयंती उत्सव के समापन समारोह में में राज्य अलंकरण प्राप्त जिले के विभूतियों को सम्मानित किया गया। इनमें दानवीर भामाशाह सम्मान प्राप्त भवानी साव और रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट के प्रतिनिधि विनय गुप्ता, दाऊ दुलार सिंह मंदराजी सम्मान प्राप्त रेखा देवार के पुत्र पुरूषोत्तम देवार, डॉ खूबचंद बघेल सम्मान प्राप्त श्रीकांत गोवर्धन, गुंडाधूर सम्मान प्राप्त रामफूल टोंडर, देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार प्राप्त साधेलाल रात्रे, गुरु घासीदास सम्मान प्राप्त संत भक्त पंथी कल्याण समिति के प्रतिनिधि प्रीतम कोसले, कमल पाटले, टीकाराम घृतलहरे, ठाकुर प्यारेलाल सिंह सम्मान प्राप्त जिला सहकारी विपणन संस्था के प्रतिनिधि कनक कुमार राजपूत, लखन लाल मिश्र सम्मान प्राप्त लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी मुंगेली, बैडमिंटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हर्ष शर्मा एवं स्व केदार सिंह परिहार के सुपुत्र हरि ठाकुर को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विभागीय स्टॉल के प्रदर्शन में प्रथम स्थान सहकारिता विभाग, दूसरा स्थान पुलिस विभाग और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले जल संसाधन विभाग तथा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## श्रद्धा पूर्वक मनाया गया गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व

**तखतपुर।** सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व गुरुद्वारे में बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह विशेष दीवान सजाया गया, जहां स्थानीय रागी जत्था ने अपने शबद कीर्तन से साध संगत को निहाल किया। दोपहर में निशान साहेब चोला परिवर्तन किया गया।

रात्रि में फिर से दीवान सजाया गया, जहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने सामूहिक गीत प्रस्तुत कर संगत का मन मोह लिया। रात्रि में गुरु का अटूट लंगर चला। गुरुद्वारा को रंगीन रोशनी और फूलों से सजाया गया तथा आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान कुलवंत सिंह हूरा, दयाल सिंह बग्गा, जगजीत सिंह मक्कड़, भगवंत सिंह मल्होत्रा, सुरेंद्र सिंह इच्छपुरानी, मनजीत सिंह खनूजा, त्रिलोक सिंह बग्गा, डॉ मदन सिंह हूरा, पृथ्वीपाल सिंह हूरा, गुलजीत खुराना, डाजी हूरा, गुरुदयाल सिंह हूरा, आतमजीत सिंह मक्कड़, सुरजीत सिंह हूरा, कल्याण सिंह हूरा, गुरुचरण सिंह बग्गा, शरण पाल सिंह हूरा, रविंद्र सिंह खुराना, सुरेंद्र पाल खुराना, हरविंदर सिंह हूरा, उपेंद्र सिंह खुराना, जसपाल सिंह खुराना, हरपाल सिंह खुराना, हरचरण सिंह हूरा, बृजपाल सिंह हूरा, मनजीत चंचल, जसबीर चंचल, रमन हूरा, दलबीर सिंह मक्कड़, रोहित मक्कड़, डॉ रमन सिंह मक्कड़, राजवीर हूरा, इंद्रपाल सिंह हूरा, रजवंत खुराना, चिंटू खुराना, शेर सिंह हूरा आदि उपस्थित रहे।



## शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता: राजपुर राष्ट्रीय शिक्षा नीति बना विजेता

**तखतपुर।** विखं स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला काठाकोनी संकुल क्लब एवं राजपुर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बीच खेला गया, जिसमें राजपुर ने जीत दर्ज की।

काठाकोनी संकुल क्लब ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवरों में महज 52 रन ही बना सकी एवं लक्ष्य का पीछा करते हुए राजपुर राष्ट्रीय शिक्षा नीति की टीम ने आसानी जीत हासिल कर ली। मैन ऑफ द मैच रवि साहू और मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जेपी मानिकपुरी को प्रदान किया गया। साथ ही बेस्ट बैटर का अनिल बंजारे को, बेस्ट बॉलर विजेंद्र साहू को चुना गया। साथ ही बेस्ट अनुशासित टीम का खिताब संकुल बांधा व्यवसायिक शिक्षा, बेस्ट कैच ऑफ टूर्नामेंट का खिताब जीपी उपाध्याय, बेस्ट फील्डर का खिताब रतनदीप लाल को दिया गया। हैट्रिक विकेट लेने के लिए थानेश्वर खांडे, हैट्रिक सिक्स लगाने के लिए, अनिल बंजारे, अरविन्द बिरको, शेखर लोनिया, पंकज सिंह, अनीश कौशिक को भी पुरस्कृत किया गया। आयोजन में शामिल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश राजपूत ने कहा कि, शिक्षक की बगिया में नेता, अभिनेता, आईएएस, आईपीएस एवं साइंटिस्ट जैसे फूल खिलकर पूरे गुलिस्तान को महकाते हैं। हम सभी को शिक्षकों का पूरा सम्मान करना चाहिए।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जिले खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

**लोरमी।** जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वधान में एक दिवसीय जिला सब जूनियर, जूनियर बालक-बालिका एवं सीनियर पुरुष-महिला प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 2 नवंबर को खेल केंद्र लोरमी में किया गया। स्पर्धा में मुंगेली जिले के 65 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, विशिष्ट अतिथि रत्ना काठले एवं आयोजक प्रमुख सुबोध कुमार सिंह, प्रतियोगिता निर्देशक रूपेश जायसवाल, मुख्य रेफरी ओमप्रकाश वन्दे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



सब जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान महेश्वरी मेहर लोरमी, दूसरा स्थान नम्रता जायसवाल मुंगेली, तीसरा स्थान नम्रता खंडेलवाल मुंगेली एवं चौथा स्थान माया श्रीवास लोरमी ने प्राप्त किया। सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान विजय कुमार लोरमी, दूसरा स्थान सागर ध्रुव लोरमी, तीसरा स्थान लोमस लोरमी, चौथा स्थान रुद्राक्ष तिवारी मुंगेली, पांचवा स्थान शुभ देवांगन मुंगेली, छठवां स्थान आर्यमन जोशी मुंगेली, सातवां स्थान सुधीर कश्यप लोरमी एवं आठवां स्थान विकास कुमार लोरमी ने हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में लोरमी की सिध्दि पहले, लोरमी की गंगा दूसरे, लोरमी की रिष्मा तीसरे, लोरमी की श्वेता चौथे, मुंगेली की नंदिता देवांगन पांचवें, मुंगेली की सिम्रेला ध्रुवे छठवें, मुंगेली की हिमानी पटेल सातवें एवं लोरमी की तिमलेश्वरी आठवें स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग में मुंगेली के आदित्य पहले, मुंगेली के रेयान दूसरे, लोरमी के जितेंद्र तीसरे एवं मुंगेली के गौरव चौथे स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में मनीषा कश्यप लोरमी ने पहला, उर्मिला धीवर लोरमी ने दूसरा, नीलिमा यादव लोरमी ने तीसरा एवं ललिता कश्यप लोरमी ने चौथा स्थान हासिल किया। सीनियर पुरुष वर्ग में मालिक राम लोरमी ने पहला, नरेंद्र श्रीवास्तव मुंगेली ने दूसरा एवं हीरेन्द्र लोरमी ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्पर्धा में सभी विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल, टेबल टेनिस स्टिक, बॉल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्पर्धा में चयनित प्रतिभागी रायपुर में होने वाली राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में संघ के वरिष्ठ सदस्य विजय वर्मा, सूर्यकान्त शर्मा, युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र साहू, मुकेश सिंह, माधव साहू, राजेश पाटले, हामेश, मेलाराम आदि का योगदान रहा।

## नगर कीर्तन निकालकर किया गया लंगर का आयोजन



**मुंगेली।** नगर में गुरूनानक जयंती का प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सिक्ख समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारे में पूजा-पाठ कर लंगर का आयोजन किया। वहीं सिंधी समाज के लोगों ने झूलेलाल मंदिर में पाठ के पश्चात सुबह शोभायात्र निकाली।

सिक्ख समाज के अराध्य गुरूनानक देव साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर बुधवार को नगर कीर्तन निकाला गया। श्री गुरूग्रंथ साहिब की सरपरस्ती में एवं पंज प्यारों की अगुवाई में गुरूवाणी के माध्यम से गुरू का संदेश लोगों तक पहुंचाया। गुरूद्वारे में पूजा-अर्चना के बाद में प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं सिंधी समाज की ओर से गुरूनानक देव जी का 556वें प्रकाश पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह प्रभात फेरी निकालकर नगर भ्रमण किया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल होकर गुरूनानक देव के जयकारे आतिशबाजी के साथ शहर के प्रमुख मार्ग पड़ाव चौक, बालानी चौक, पुराना बस स्टैंड, दाऊपारा, मेन रोड, गोलबाजार चौक होते हुए वापस सिंधी कालोनी में प्रभात फेरी का समापन किया गया। गुरूनानक जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय अखंड पाठ साहब का समापन किया गया। गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व उत्सव पर समाज के द्वारा उत्साहपूर्वक सभी ने मिलकर मनाया। वहीं समाज के लोगों के लिए आम लंगर की व्यवस्था की गई थी, जिसमें समाज के लोग शामिल रहे। वहीं सिक्ख समुदाय के द्वारा गुरूसिंघ सभा गुरूद्वारा में भजन कीर्तन कर प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई गई।

## राज्योत्सव में एनटीपीसी ने किया उपलब्धियों का प्रदर्शन






**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत ने 2 से 4 नवंबर तक आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। राज्य के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में आयोजित किया गया।

राज्य की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादन परियोजना के रूप में एनटीपीसी सीपत ने अपने स्टॉल और झांकी के माध्यम से परियोजना की उपलब्धियों, उत्पादन क्षमता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया। कंपनी ने इस दौरान उत्पादन से जुड़ी उपलब्धियों, निर्माणाधीन 800 मेगावाट क्षमता के स्टेज-III की प्रगति को भी प्रस्तुत किया। एनटीपीसी सीपत के स्टॉल में 'सुख' ईको हाउस, ईंटें, पार्क टेबल एवं बेंच, जियो पॉलिमर गिट्टी तथा इंटरलॉकिंग वॉल ब्लॉक्स जैसे राखड़ से बने विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही, राखड़ के उपयोग से बने 'सुख' इको हाउस, राखड़ ईंट संयंत्र और सीपत स्टेशन के प्रोटोटाइप मॉडल को भी प्रदर्शित किया गया। एनटीपीसी सीपत ने अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। एनटीपीसी सीपत द्वारा प्रशिक्षित चार स्वयं सहायता समूह लक्ष्मी, जागृति, उन्नति और संस्कृति ने भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया और उसकी बिक्री भी की। उल्लेखनीय है कि, 2 नवंबर को बिलासपुर में राज्योत्सव का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के कर कमलों से किया गया था, जिसमें एनटीपीसी की ओर से महाप्रबंधक सुरोजित सिन्हा उपस्थित रहे।

### कौवाताल में न्योता भोज शिक्षण सामग्री वितरण

**सीपत।** शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल में प्रधान पाठक रामकिशुन सूर्यवंशी के पुत्र जय सूर्यवंशी के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विखं शिक्षा शिवराम टंडन ने न्योता भोज को विभिन्न अवसरों का माध्यम बताते हुए कहा कि, इसके माध्यम से पूरक पोषण योजना में भोजन के साथ जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों व पालकों द्वारा विद्यालयों को शिक्षण सामग्री प्रदान करने का बेहतर अवसर भी मिलता है। इस मौके पर सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पहाड़ा, पेंसिल आदि शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया। न्योता भोज में उपस्थित 96 बच्चों को चावल, दाल, खीर, पूड़ी, जलेबी, चॉकलेट, मिठाई, केला, पापड़, सलाद, आचार आदि परोसा गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील - बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**//सूचना//**

क्रमांक/क्यू/रा.नि./2025
बिल्हा दिनांक 01/11/2025

प्रति,
आवेदक रामावतार अग्रवाल पिता जगमोहन अग्रवाल निवासी बिलासपुर
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी (1) राजकुमारी कौशिक पति संतोष कुमार निवासी चकरभाठा (2) शैलेन्द्र सलूजा निवासी लोरमी (3) अल्का चौबे निवासी बिलासपुर (4) वन्दन मिश्रा पति राजेश्वर मिश्रा निवासी बिलासपुर
विषय:- मौका जांच/सीमांकन में होने बाबत्।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बोदरी/ज्ञापन क्रमांक // क./ तह. वाचक/2025 बोदरी दिनांक 31/10/2025

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक रामावतार अग्रवाल पिता जगमोहन अग्रवाल निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा बोदरी में मौजा मुढ़ीपार पहन. 09 रानिमं-बिल्हा तहसील बिल्हा बोदरी जिला बिलासपुर- (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 222/2, 225/1-2 रकबा 0.227, 2.004 हे. का सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 11/11/2025 को समय 12.00 से 5.00 बजे तक किया जाना है। अत: आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत् तिथि को स्थल पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरिक्षक
रा.नि.मं.-बिल्हा, तहसील-बिल्हा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील - बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**//सूचना//**

क्रमांक/क्यू/रा.नि./2025
बिल्हा दिनांक 01/11/2025

प्रति,
आवेदक रामावतार अग्रवाल पिता जगमोहन अग्रवाल निवासी बिलासपुर
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी (1) मूलचंद अग्रवाल (2) अरूण सोनी बिलासपुर (3) मनीष अग्रवाल (4) कांता अग्रवाल निवासी बिलासपुर (5) लोक निर्माण विभाग भ/स (6) राम खिलावन पिता घुनारी निवासी मोहभट्ठा (7) श्री भुनेश्वर जी का मंदिर सखराकार नारायण प्रसाद निवासी मोहभट्ठा कांता देवी पति सीताराम निवासी बिलासपुर
विषय:- मौका जांच/सीमांकन में होने बाबत्।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बोदरी/ज्ञापन क्रमांक // क./ तह. वाचक/2025 बोदरी दिनांक 31/10/2025

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक रामावतार अग्रवाल पिता जगमोहन अग्रवाल निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा बोदरी में मौजा मोहभट्ठा पहन. 10 रानिमं-बिल्हा तहसील बिल्हा बोदरी जिला बिलासपुर- (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 331/1, 333, 334, 335/1, 2,3,5,6,8,9,10,11,12,339,340,341,347/1 कुल रकबा 19.33 एकड़ का सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 11/11/2025 को समय 12.00 से 5.00 बजे तक किया जाना है। अत: आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत् तिथि को स्थल पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरिक्षक
रा.नि.मं.-बिल्हा, तहसील-बिल्हा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 30/10/2025
रा.प्र.क्र......../ब-121/2025-26
ग्राम-खमतराई, प.ह.नं.-35

एतदद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम खमतराई, प.ह.न.-35 रा.नि.मं. कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री किशोर कुमार मंजारे पिता स्व. नानकून मंजारे निवासी ग्राम वार्ड क्र. 58, रानी दुर्गावती, खमतराई, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्री ऋषिता मंजारे के जन्म दिनांक 12/07/2008 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17/11/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ. ग.)

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.**

**उपस्थिति की सूचना**

-: ईश्तहार :-
रा.प्र.क्र. 202412070800032/ ब121/2024-25
ग्राम ढनढन प.ह.नं. 26
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति, फूलसिंह पिता रूपसिंह जाति ठाकुर निवासी ग्राम ढनढन तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.
बड़कुराम बनाम फूलसिंह

एतद् द्वारा ग्राम ढनढन प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बड़कुराम पिता घुनारी निवासी ग्राम ढनढन तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम ढनढन प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 559, 1054/1, 1010/1 रकबा 0.166, 0.219, 0.223 हे. भूमि को वारिसान हक में अपनी मां बैसखिया बाई से प्राप्त होने का हवाला देते हुए उपरोक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदक फूलसिंह पिता रूपसिंह के नाम पर दर्ज हो गया हैं को अपने तथा भाई मालिक राम, दुजराम तथा बहन मेलन बाई के नाम पर अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है जिसमे दिनांक 6/11/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुदा से जारी किया गया।

तहसीलदार, तखतपुर

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामावतार सिंह बघेल उम्र 59 वर्ष पिता स्व श्री रामफाल सिंह बघेल निवासी ग्रामीण बैंक रोड ग्राम व पोस्ट पसान तहसील पोंडी उपरोड़ा जिला कोरबा छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी प्रमोद उपाध्याय पिता स्व श्री कुशल उपाध्याय, श्रीमती त्रिवेणी उपाध्याय पति स्व श्री कुशल उपाध्याय, रामेश्वरी उपाध्याय पति स्व श्री विनोद उपाध्याय, कुमारी पायल तिवारी पिता श्री महेश तिवारी निवासी ग्राम सैदा तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि म. नं. 05 प. ह. नं 41 राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 219/1 रकबा 0.77 एकड़ को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर दिया है। तथा उक्त भूमि का रजिस्ट्री बैनामा शीघ्र अतिशीघ्र होना है।

अत: उक्त क्रय विक्रय सौदा पर जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित हो अपनी आपत्ति दर्ज करावे समयावधि बाद की आपत्ति शून्य मानी जावेगी।

सो सूचना जाने

भवदीय
शुभोजीत मजुमदार अधिवक्ता
छ. ग. उच्च न्यायालय
निवास-राधेश्याम अपार्टमेंट श्रीकांत वर्मा मार्ग फ्लेट नं 204 बिलासपुर छ.ग.
मो नं. 9589571858

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / /क/वा/ना. तह./2025
सकरी दिनांक 3/11/2025

आवेदक गोवर्धन उर्फ दीपक कुमार कौशिक पिता गेंदराम कौशिक वगैरह सभी जाति कुर्मी एवं निवासी काठाकोनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार ग्राम काठाकोनी प.ह.न. 48 रा.नि.म. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 591, 359/1, 412/3 रकबा 0.1580 हे., 0.0650 हे., 0.162. हे. भूमि गोवर्धन पिता गेंदराम ना.बा. रजनी पिता गेंदराम, ना.बा. अनीता पिता गेंदराम, ना.बा. सुनीता पिता गेंदराम बली मॉ वो खुद बचनबाई पति गेंदराम के वर्ग अनु. जनजाति जाति गोड़ के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदित भूमि पर आवेदकगण के नाम के पहले ना.बा. शब्द उल्लेख है जबकि समस्त आवेदकगण वर्तमान में पूर्ण रूप से बालिग है एवं दस्तावेज संलग्न है। आवेदित भूमि पर आवेदकगण की जाति गोड़ वर्ग अनु. जनजाति दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। वास्तव में आवेदकगण कुर्मी जाति वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग के है। उक्त आवेदन पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदित भूमि पर आवेदकगण के नाम पहले उल्लेखित ना.बा.शब्द एवं जाति गोड़ वर्ग अनु जनजाति के स्थान पर गोवर्धन उर्फ दीपक कुमार कौशिक पिता गेंदराम, रजनी पिता गेंदराम, अनिता पिता गेंदराम, सुनीता पिता गेंदराम जाति कुर्मी अन्य पिछड़ा वर्ग सुधार किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 17/11/25 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 3/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार,सकरी

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क/क/ रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 02/11/2025

प्रति,
देवी बाई जीवनानी पति स्व.परस राम जीवनानी टीकम दास जीवनानी पिता स्व.परस राम जीवनानी अरुण कुमार जीवनानी पिता स्व. परस राम जीवनानी लक्ष्मी जीवनानी पति टीकम दास जीवनानी शोभा देवी पति अरुण कुमार जीवनानी रवि टंडन पिता त्रिलोकीनाथ सुरेश कुमार जीवनानी पिता अटलमल जीवनानी मुरलीधर जीवनानी पिता स्व. घनश्याम दास जीवनानी विनोद कुमार जीवनानी पिता घनश्याम दास जीवनानी जानकी वर्मा पति स्व. अनिल कुमार वर्मा सुनील कुमार वर्मा पिता सूरज प्रसाद वर्मा सुधीर कुमार वर्मा पिता सूरज प्रसाद वर्मा जोगेंदर लाल पिता गोपीचंद सलूजा संजय कुमार पिता तिलकराम छबि मालाकार शंकर हनुमान पंचों सी नवीन कुमार अलोक कुमार पाल पिता अमलेंदु कुमार पाल कैलाशनाथ पिता शिवशंकर द्वारिका वैष्णो अभिमन्यु मानिकपूरी पिता अर्जुन दास रीता लुईस संजय छाबड़ा सुशील कुमार सर्व संबंधित.......
विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत ।
संदर्भ:- कार्यालय कलेक्टर (भू अभिलेख शाखा) बिलासपुर का ज्ञापन क/108/ भू.अभि./रा.नि.का./ 2025 बिलासपुर दिनांक 29/05/2025

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है की आवेदिका देवी बाई जिवनानी पत्नी स्व. परसराम जिवनानी निवास तोरवा बिलासपुर छ ग द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.न.37 रा. नि. म. जुना बिलासपुर तह व जिला बिलासपुर छग स्थित भूमि खसरा नंबर 748/2 रकबा 0.015 है. ब.न 753/2 (754/2) रकबा 0.105 हे. ख.न. 759/1 रकबा 0.049 हे. ब.न. 748/14 (753/14) रकबा 0.040 हे. ब.नं. 748/58 (753/59) रकबा 0.020 हे. ब.नं. 754/4 रकबा 0.016 हे. ब.न. 755/4 (762/4) रकबा 0.004 हे. ख.न. 759/2 रकबा 0.028 हे., 759/3 रकबा 0.113 हे. ब.न. 760/4 रकबा 0.040 है. ब.न. 760/1 रकबा 0.097 हे. 760/2 रकबा 0.024 है. ख.न. 760/3 रकबा 0.024 हे. ब.नं. 760/5 रकबा 0.012 हे. के साथ साथ रवि टंडन पिता त्रिलोकीनाय की भूमि ब.न. 758/3 रकबा 0.44 एकड़ सुरेश कुमार जिवानानी मुरलीधर जीवनानी विनोद कुमार जीवनानी की संयुक्त भूमि खसरा नंबर 758/1 रकबा 0.50 एकड़ जानकी वर्मा सुनील कुमार वर्मा सुधीर कुमार वर्मा (स्व प्रेमा बाई के विधिक उत्तराधिकारी) की भूमि व.न. 758/2 रकबा 0.0160 हे.संजय कुमार छाबड़ा की भूमि ब.न. 754/5 (755/5,762/5) रकबा 0.0160 हे. जोगेंदर लाल सलूजा की भूमि ख.न. 754/6 (755/6,762/6) रकबा 0.0160 हे. की भूमियों का संयुक्त सीमांकन श्रीमती गरिमा ठाकुर तहसीलदार बिलासपुर एवं श्री खेलेन्द्र सिंह यादव अधीक्षक भू-अभिलेख के नेतृत्व में दिनांक 07/11/2025 को समय 10.00 से 5.30 बजे के मध्य किया जाना है जिसमे आप के उपस्थिति अनिवार्य है

अत: आपको सूचित किया जाता है की उक्त नियत तिथि को समय पर स्थल पर भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज से साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी ।

टिप:-1. इस सीमांकन के लिए कार्यालय कलेक्टर (भू अभिलेख शाखा) बिलासपुर द्वारा टीम गठन किया गया है। 2. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 3.विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




धर्म-क्षेत्र

## श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में कन्याओं का पूजन



**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर के पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि बैकुंठ चतुर्दशी (हरिहर मिलन) के पावन पर्व पर चन्द्रमौलेश्वर,



आशुतोष, विश्वेश्वर की अनुकम्पा से परमाराध्य सद्गुरुदेव परमश्रद्धेय प्रातः स्मरणीय शिवस्वरूप ब्रह्मलीन परमपूज्य श्री 108 श्री स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर महाराज के चरण पादुका का पूजन किया गया। तत्पश्चात कन्याओं का पूजन, भोजन,एवं भंडारा का आयोजन किया गया।

# गुरुनानक देव की गुरुवाणी को आत्मसात करने संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री गुरुनानक देव महाराज के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर बुधवार को श्री दयालबंद स्थित गुरुनानक स्कूल प्रांगण में भव्य डोम में विशेष दीवान सजाया गया। सिख समाज ने प्रकाश पर्व पर खुशियां मनाई।

इस मौके पर देश के प्रख्यात सुखवंत सिंह,सतपाल सिंह दिल्ली वाले,मनिंदर सिंह हुजुरी रागी जत्था एवं ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी गुरुद्वारा विशेष रुप से हाजिरी भर कर संगत को निहाल किया। इसमें उन्होंने गुरुनानक देव के द्वारा किए गए सेवा कार्यो का संदेश दिया, बच्चों ने भी शबद-कीर्तन किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और मत्था टेका। सुबह 9 बजे से शबद-कीर्तन का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। इस दौरान दिल्ली, पंजाब, हरियाणा समेत कई जगहों से रागी जत्थों ने शब्द-कीर्तन से गुरुनानक देव की गुरुवाणी को आत्मसात करने की बात कही। पंजाबी साध संगत के साथ, सिंधी समाज की साध संगत और बिलासपुर के आसपास के पाली जयरामनगर, तखतपुर, अकलतरा, सिरगिट्टी, चकरभाठा, बिल्हा, सरगांव, पथरिया, बैतलपुर, की साध संगत ने प्रकाश पर्व माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया, संगत में गुरु का अटूट लंगर भी वरताया गया।

पंजाबी युवा समिति की टीम, पंजाबी सेवा समिति, आदर्श पंजाबी महिला संस्था, सुखमनी सर्कल स्त्री सत्संग एवं समाज की अन्य सभी संस्था विशेष रुप से सहयोग रहा।

**प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजाया गया**



### अटूट लंगर बरता, लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रकाश पर्व पर दोपहर 12 बजे से अटूट लंगर बरता गया, इसमें करीब 15 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सिंधी समाज के द्वारा भी भक्त कंवर राम नगर, सिंधी कॉलोनी में शबद-कीर्तन किया।

### महापौर ने माथा टेका

महापौर पूजा विधानी ने श्री गुरुनानक देव के पावन प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान में पहुंच कर माथा टेक कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। समुह साध संगत को गुरु पूरब की बधाई दी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने महापौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।







पूर्व बीडीए अध्यक्ष अनिल टाह ने लंगर वरताया।

कार्यक्रम

## साधु परमेष्ठी प्रत्येक के सौ-सौ अर्ध के साथ कुल 512 अर्ध चढ़ाए गए



**बिलासपुर।** विश्व शांति और सर्वकल्याण की मंगल भावना से श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, क्रांतिनगर में आयोजित हो रहे श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान के सातवें दिन अरिहंत परमेष्ठी, सिद्ध परमेष्ठी, आचार्य परमेष्ठी, उपाध्याय परमेष्ठी एवं साधु परमेष्ठी प्रत्येक के सौ-सौ अर्ध के साथ कुल 512 अर्ध चढ़ाये गए। ललितपुर से पधारे विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी मनोज भैया के सानिध्य, पंडित मधुर जैन के सहयोग एवं टीकमगढ़ के संगीतकार राकेश जैन एवं उनकी मण्डली के कारण समस्तइस धार्मिक अनुष्ठान का आनंद लेते हुए धर्मलाभ ले रहे हैं। इस अनुष्ठान में न केवल जैन समाज बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ एवं भारत के कई प्रदेशों से अन्य समाज के लोग भी इस अनुष्ठान में अपनी उपस्थिति देकर पुण्य लाभ ले रहे हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लोगों ने किया दीपदान


**बिलासपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा, सुबह अरपा तट के घाटों पर बड़ी संख्या में भक्ति, श्रद्धा और दीपों की उजाला से वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्रद्धालुओं ने ठंड की परवाह किए बगैर नदियों में आस्था की डुबकी लगाई और भगवान विष्णु, सूर्य देव और चंद्र देवता की आराधना की। श्रद्धालु मंत्रोच्चार के साथ स्नान कर रहे थे, महिलाएं थाल में दीप, फूल, रोली और जल लेकर मां गंगा की पूजा-अर्चना में लीन थी। धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लेकर राक्षसों का संहार किया था, इसलिए इस दिन स्नान, दान और दीपदान करने से सभी पापों का नाश होता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।. श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस दिन जो भी व्यक्ति स्नान कर सच्चे मन से पूजा करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।



### अरपा मईया की महाआरती

ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा दीप दान एवं अरपा आरती का भव्य आयोजन जबड़ापारा सरकंडा के घाट में किया गया, जिसमें अरपा मईया की आरती कर पूजन किया। सभी ने दीप प्रज्वलित कर नदी में छोड़ा फटाखा फोड़ आतिशबाजी कर घाट में ही देव दीपावली मनाई गई। आरती कार्यक्रम में ब्राह्मण युवा आयाम के अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय, रविन्द्र उपाध्याय, कमलेश दुबे, मानस मिश्रा, पीयूष शुक्ला, वीणा तिवारी, भाव्या शुक्ला, रश्मि पाण्डेय,अर्चना शर्मा, मंजु सोनी, माया सोनी, प्रीति निर्मलकर, ममता सोनी आदि उपस्थित थे।



### महिलाओं ने किया दीपदान







माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने कार्तिक मास में लिये संकल्प को पुरा किया, सुबह कार्तिक कर तुलसी पूजन किया औश्र 108 परिक्रमा लगाई। संध्या के समय महिलाओं ने घर में दिए जलाकर घर रोशन किया। इस अवसर पर विनीता, सुधा, कुसुम, सरोज, किरण, सरिता, नीता, ममता, रेखा, श्वेता, पूजा, मीना, शीला सहित महिलाएं मौजूद रही।

घोंघाबाबा मंदिर परिसर में चल रहे देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव के सातवे दिन बुधवार को कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा पर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से मूर्तियों की स्थापना की गई।

# देवाधिदेव ललितेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीराम मंदिर बलखंडी बाबा कमेटी न्यास बिलासपुर के अध्यक्ष व प्रबंध न्यासी मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव में अंतिम दिन पूज्य श्रीचक्र महामेरु पीठाधिपति अनंत श्री विभूषित श्रीश्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी महाराज एवं यज्ञ के आचार्य पूज्य पं. वीरेश्वर (धनंजय) दातार मंदिर में पूजन किया। इसके पश्चात पूर्णाहुति की गई, जिसके बाद भव्य भंडारा में प्रसाद वितरण किया गया। पूजन में यजमान सहित अन्य श्रद्धालु भक्त उत्साह से भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यासीबण मंगतराय अग्रवाल, राजेंन्द्र खेड़िया, दीपक मोदी, अशोक, नंदकिशोर अग्रवाल, ठाकुर धर्मजीत सिंह, मनोज भण्डारी, गोपाल प्रहलादराय शर्मा, आनंद सोनी, शेखर मुदलियार, अनिल, विकास अग्रवाल, कमल सोनी, राजेश गोयल, सुभाष अग्रवाल सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा है।

आयोजन

## सुकन्या चरित्र हरिश्चंद्र कथा शताक्षी चरित्र के बारे में बताया

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज और समग्र ब्राह्मण एकता मंच के संयुक्त तत्वाधान में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ 8 नवंबर तक चलेगी। यह भव्य आयोजन लाल बहादुर शास्त्री पंडित देवकीनंदन दीक्षित भवन में किया जा रहा है,सात दिवसीय



धार्मिक आयोजन प्रथम दिवस पर पावन यज्ञ का शुभारंभ विधि विधान कलश यात्रा और वेद मंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पंडित राम परम श्रद्धेय आचार्य अमर कृष्ण महाराज द्वारा देवी भागवत महापुराण का रसपान कराया जा रहा है। प्रथम दिन कलश यात्रा, पीठ पूजन, देवी भागवत महात्म के बारे में बताया गया तीसरे दिन कलअप वध ,महाभारत बन वर्णन के बारे में बताया गया तीसरे दिन व्यास चरित्र मणि दीप वर्णन बहुत ही सुंदर तरीके से वर्णन किया गया। चौथे दिन महिषासुर वध शुभ निशु वध की त्रिशूल एच के बारे में वर्णन किया गया। पांचवें दिन सुकन्या चरित्र हरिश्चंद्र कथा शताक्षी चरित्र के बारे में बताया गया। रंजना पाण्डेय ने बताया कि धार्मिक आयोजन को उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागृत एकता और सद्भावना का प्रसार करना है, देवी भागवत महापुराण में निहित संदेश के युग में समाज को नैतिकता संयम और सच्चे धर्म के राह पर चढ़ने की प्रेरणा देता है।

स्पोटर्स न्यूज

# एफसीए थंडर, एफसीए पावर पैंथर की टीम ने जीता फाइनल मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में एफसीए प्रीमियर लीग अंडर 14 -16 सीजन-7 का बुधवार को फाइनल मैच चला गया। जिसमें अंडर 14 में एफसीए अवेंजर्स और एफसीए थंडर के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें एफसीए थंडर ने 7 विकेट से यह मैच आसानी से जीत लिया। अंडर 16 में पावर पैंथर्स की टीम ने फाइनल में जीता। सचिन यादव तथा मयंक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किए गए। अंडर 16 में शानदार बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्र रक्षण करने वाले सचिन यादव को तीनों पुरस्कार प्रदान किए गए। अनय प्रताप को बेस्ट विकेटकीपर का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में अंडर -14 में बेस्ट बैट्समैन रेहान खान, बेस्ट बॉलर बेस्ट बॉलर, बेहतर क्षेत्र रक्षण, करने वाले मयंक सिंधवानी, बेस्ट विकेट कीपर सोहन लाल चंदानी को पुरस्कार प्रदान किया गया। फाइनल मैच में अंडर- 14 में एफसीए थंडर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और



एफसीए अवेंजर्स को निर्धारित 15 ओवर में 102 रन पर ऑल आउट कर दिया। जिसके जवाब में एफसीए थंडर ने केवल 9 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को पूरा करते हुए यह मैच आसानी से जीत लिया। अंडर 14 के इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज मयंक सिंधवानी को प्रदान किया गया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच उज्जवल कौशिक तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मयंक सिंधवानी को मैन ऑफ़ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया।



### खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मैदान

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सचिन यादव और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी सचिन यादव को प्रदान किया गया। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया, महेश दुबे , महेश अग्रवाल, समीर अहमद, ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा है कि आने वाले समय में फाउंडेशन के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा खेल मैदान जल्द तैयार किया जाएगा।

# 'ब्राह्मण प्रीमियर लीग' के टीम एवं जर्सी लॉन्च

खेल प्रोत्साहन और सामाजिक एकजुटता के अभिनव प्रयास के तहत, समग्र ब्राह्मण समाज एवं परशुसेना द्वारा आज खेल परिसर में ब्राह्मण प्रीमियर लीग के 'टीम एवं जर्सी लॉन्च' का कार्यक्रम प्रबुद्ध विप्रगणों के गौरवपूर्ण आतिथ्य में भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

प्रदेश भर से पहुंचे खिलाड़ियों और अतिथियों ने इस अभिनव पहल का स्वागत किया। सभी टीमें स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित इस प्रीमियर लीग के लिए कुल 16 टीमों का चयन किया गया है, जो बीपीएल के पहले संस्करण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। आयोजन समिति ने एक महत्वपूर्ण और गौरवशाली कदम उठाते हुए, सभी 16 टीमों के नाम भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऊपर रखे गए हैं। यह पहल नई पीढ़ी को अपने नायकों के बलिदान और शौर्य से प्रेरित करने का एक अनूठा प्रयास है। कार्यक्रम में सभी 16 टीमों का परिचय कराया गया और सभी टीम की आधिकारिक जर्सी का अनावरण हुआ। इस दौरान खिलाड़ियों और टीम ओनर्स में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथिगणों में पंडित पंकज भूषण मिश्रा, परम पूज्य दुर्गेश महाराज , पद्म श्री पंडित विधायक अनुज शर्मा और पंडित प्रदीप शर्मा शामिल थे। आयोजन समिति से पंडित विनय शर्मा ने बताया कि 'ब्राह्मण प्रीमियर लीग' आने वाले समय में इस न केवल खेल को बढ़ावा देगी, बल्कि समाज के भीतर सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम की भावना को भी सशक्त करेगी।

### 11 से 22 नवंबर तक होगा आयोजन



## खबर संक्षेप

### जेल से सिम्स ले जाते समय कैदी की मौत

**बिलासपुर।** स्वास्थ खराब होने पर जेल से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में कैदी की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक शैलेष सिंह ने बताया, बदौला परसाभाठा निवासी जगजीवन पिता जयराम 60 साल हत्या के मामले में सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। बुधवार की सुबह 5 बजे सास लेने में तकलीफ होने पर जेल से आक्सीजन लगाकर उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कैदी बीपी, सुगर से पीड़ित थे। गुरूवार को उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### बेरिकेड से टकरा कर बाइक सवार तीन घायल

**बिलासपुर।** पिछले दो दिन में इंदिरा सेतु के बीच में लगाए गए बेरिकेड से टकराकर दो बाइक में सवार सहित तीन लोग घायल हो गए हैं। संकरे पुल पर बेरिकेड लगाना जान लेवा साबित हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इंदिरा सेतु में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए सड़क के बीच बेरिकेड लगाया गया है, ताकि बेलगाम वाहनों के प्रवेश करने से ट्रैफिकजाम की स्थिति निर्मित नहीं बने। किन्तु रात के अंधेरे में बेरिकेड लोगों की दिखाई नहीं दे रहा है और लोग दुर्घटना के शिकार हो जा रहे हैं। मंगलवार की रात पौने 11 बजे नेहरू चौक से जा रहे बाइक सवार दो युवक न्यू रिवर व्यू को पार करने के बाद सड़क के बीच में रखे डिवाइडर से टकराकर बाइक सहित गिरकर फूटपाथ से टकरा गए। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 से दोनों युवकों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। इसी तरह सोमवार की रात कुदूदण्ड से कोनी की ओर जा रहा बाइक सवार एक युवक बेरिकेड से टकराकर घायल हो गया था। सिविल लाइन की पेट्रोलिंग पार्टी ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। मोबाइल के माध्यम से घायल युवक के कोनी का निकला। सूचना पर परिजन सिम्स पहुंच गए। प्राथमिक इलाज के बाद परिजन घायल युवक को लेकर चले गए थे। दोनों सड़क हादसे की थाने में रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला कल

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के नवीन भवन में 7 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड रायपुर में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से व्यवसाय-विद्युतकार, फिटर एवं वेल्डर के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ सम्मिलित हो सकते है।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद मिल रहा करोड़ों का बजट, फिर भी अपग्रेड नहीं हो पाया हेल्थ सेंटर

# पहले मेडिकल कालेज चलाने वाले विवि के पास अब ढंग का अस्पताल तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में मेडिकल कालेज सिम्स की स्थापना गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के अधीन हुई थी, कई सालों तक मेडिकल कालेज का संचालन इसी विवि के अधीन होता रहा। बाद में यह विश्वविद्यालय सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अपग्रेड हो गया है, किन्तु यहां का हेल्थ सेंटर अपग्रेड नहीं हो पाया। इस विवि में टीचिंग, नान टीचिंग स्टाफ समेत हजारों स्टूडेंट पढ़ते हैं, कैंपस में स्टाफ की आवासीय कालोनी एवं ब्वायस व गर्ल्स हास्टल में बड़ी संख्या में स्टूडेंट रहते हैं। बावजूद इसके यूनिवर्सिटी के पास खुद का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल नहीं है, जबकि यूनिवर्सिटी में करोड़ों रुपए का बजट आता है।

■ यूनिवर्सिटी में टीचिंग, नान टीचिंग स्टाफ समेत हजारों की संख्या में स्टूडेंट

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में टीचिंग व नान टीचिंग मिलाकर एक हजार से ऊपर स्टाफ है। इनमें से लगभग डेढ़ सौ से दो सौ शिक्षक और अधिकारी-कर्मचारी यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित आवासीय कालोनी रहते हैं। इसी तरह यूनिवर्सिटी में 10 हजार के आसपास स्टूडेंट्स पढ़ते हैं, जिनमें से करीब 2 हजार छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी परिसर के ब्वायस एवं गर्ल्स हास्टल में रहते हैं। इन सभी के स्वास्थ्य सुविधा के लिए यूनिवर्सिटी में एक हेल्थ सेंटर हैं। यह भी कार्यालयीन समय में सुबह 9 बजे खुलता है और शाम 6 बजे के बाद बंद हो जाता है। शनिवार-रविवार अवकाश दिन हेल्थ सेंटर बंद रहता है। रात में भी क्लीनिक में कोई नहीं रहता है। यूनिवर्सिटी परिसर में रहने वाले किसी शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी या स्टूडेंट्स को कुछ हो जाता है या अचानक उनकी तबियत खराब हो जाती है तो उन्हें शहर के अस्पताल लाना पड़ता है। पिछले दिनों बॉटनी डिपार्टमेंट के एक प्रोफेसर की रात में अचानक तबियत खराब हो गई और सुबह उन्हें एम्बुलेंस से सिम्स लाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद से सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रहने वाले स्टाफ और हास्टल के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सवाल खड़े होने लगा है।



सेंट्रल यूनिवर्सिटी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

### परमानेंट डाक्टर व स्टाफ नहीं

यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में परमानेंट स्टाफ की कमी है। परमानेंट जो डाक्टर थे वे करीब ढ़ाई साल पहले रिटायर हो गए हैं और वर्तमान में कांटेक्ट बेस पर एक डाक्टर वहां पदस्थ हैं। उनके अलावा एक प्यून, एक ड्राईवर, एक ड्रेसर और एक एएनएम स्टाफ तथा एक फिजियोथैरिपिस्ट कार्यरत है। इनके अलावा कोई लेडी डाक्टर भी नहीं है, जबकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद हेल्थ सेंटर में एक लेडी डाक्टर रखने का निर्णय भी हुआ था, किन्तु पोस्टिंग आज तक नहीं हो पाई। यहां पर डाक्टरों सहित पैरामेडिकल और अन्य स्टाफ बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी तरह हेल्थ सेंटर को अस्पताल के रूप में अपग्रेड करके स्वास्थ्य ईलाज की सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए।

### हेल्थ सेंटर अपग्रेड होना चाहिए

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर को अपग्रेड करने की आवश्यकता है और वहां पर परमानेंट डॉक्टरों सहित अन्य स्टाफ की संख्या बढ़ानी चाहिए। मैं वहां से रिटायर हो चुका हूं किन्तु जब भी वहां मेरी आवश्यकता पड़ती है मैं नि:शुल्क सेवा देने जाता हूं। मैं वहां पदस्थ रहते पहले अस्पताल के रूप में अपग्रेड करने और परमानेंट स्टाफ बढ़ाने प्रपोजल भी दिया था।

**-डॉ. एएन मंडल**
रिटायर डॉक्टर, सीयू

### सभी सुविधाएं उपलब्ध

यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में बेसिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहां पर पदस्थ डॉक्टर भी आन काल 24 घंटे ड्यूटी पर रहते हैं और जब भी जरूरत पड़ती है वे आ जाते हैं। रिफर के लायक स्थिति होती है तो सिम्स आदि अस्पताल रिफर किया जाता है। जहां तक हेल्थ सेंटर को अस्पताल के रूप में अपग्रेड करने की प्रक्रिया वाली बात है तो वह लंबी प्रक्रिया है और उसके लिए काफी स्टाफ भी लगता है।

**-प्रो. मनीष श्रीवास्तव**
मीडिया प्रभारी, सीयू

### पूर्व डाक्टर ने 10 बेड अस्पताल का भेजा था प्रपोजल

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में पूर्व में डॉ. एएन मंडल पदस्थ थे, उन्होंने काफी पहले यूनिवर्सिटी को प्रपोजल भेजा था, जिसमें हेल्थ सेंटर को 10 बेड का अस्पताल बनाने और वहां पर कम से कम तीन डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य स्टाफ की परमानेंट नियुक्ति करने की मांग की थी ताकि पैरामेडिकल स्टाफ वहां रात में यूनिवर्सिटी कैंपस में रह सकें। लेकिन उनके प्रपोजल पर बात आगे नहीं बढ़ पाया।

### हास्टल में फैला था डायरिया

यूनिवर्सिटी के हास्टल में पिछले साल डायरिया फैल गया था। हास्टल में गंदे पानी का सप्लाई हो रहा था, वहीं भोजन में भी कुछ खराबी सामने आई थी। गर्ल्स हास्टल की कई छात्राएं बीमार पड़ गई थीं। उस समय यूनिवर्सिटी में हायतौबा मच गई थी। यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने हास्टल में प्रदर्शन भी किया था।

### 8 साल तक मेडिकल कालेज का किया संचालन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के पहले गुरु घासीदास स्टेट यूनिवर्सिटी मेडिकल कालेज सिम्स का संचालन करती रही। यूनिवर्सिटी के अधीन ही बिलासपुर में वर्ष 2000 में मेडिकल कालेज सिम्स खोला गया था और वर्ष 2008 तक सिम्स का संचालन यूनिवर्सिटी ने किया। उसके बाद मेडिकल कालेज राज्य शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के हाथों में चला गया, इसलिए अब यह सवाल उठने लगा है कि एक समय मेडिकल कालेज का संचालन करने वाले यूनिवर्सिटी के पास खुद का सर्वसुविधा हास्पिटल क्यों नहीं है।


सकरी पुलिस की हिरासत में पकड़े गए आरोपी।

## अमेरी में छापा 7 जुआरी पकड़े गए, रसूखदार भाग निकले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


आरोपियों से जब्त राशि।

बीती रात सकरी पुलिस ने अमेरी के सबसे बड़े फड़ में दबिश देकर 7 जुआरियों को पकड़ लिया है। अंधेरे का फायदा उठाकर जुआ खिलाने वाला व अन्य रसूखदार भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार की रात सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली कि अमेरी खार में बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने एएसआई राजकुमार वस्त्रकार, आरक्षक समुन कश्यप, सज्जू अली, अफाक खान, अमित पोर्ते, कलीराम यादव, विजेन्द्र कोल, पवन बंजारे, जीना अनंत की टीम बनाकर अमेरी के खार में दबिश दी। पुलिस के आने की खबर लगते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई और वे चारों दिशाओं में भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने नाला मेढ़ पार करते आधा किलोमीटर दूर तक दौड़ाकर जुआरी बोनी एक्का पिता इमानुल एक्का 30 साल संबलपुरी पेंशनबाड़ा, पकंज बहादुर विश्वकर्मा पिता धनबहादुर विश्वकर्मा 30 साल संबलपुरी पेंशनबाड़ा, कविश्वर कुमार घोडीचोरे पिता एनके घोडीचोरे 44 साल राजघराना कालोनी उसलापुर, समारू रात्रे पिता मेलाराम रात्रे 45 साल सतनाम नगर अमेरी, राहुल यादव पिता सहदेव यादव 19 साल सतनामनगर अमेरी, रवि श्रीवास पिता योगेश श्रीवास 18 साल आनंदनगर उसलापुर, साहिल बंजारे पिता संजय बंजारे 19 साल शांतिनगर अक्स होटल के पास निवासी को पकड़ लिया है। उनके पास से 7 हजार 700 रुपए जब्त किया गया है। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर जुआ खिलाने वाले व अन्य रसूखदार जुआरी भाग निकले हैं। बताया जाता है अमेरी के खार में लंबे समय बड़ी जुआ खेला जा रहा था। यहां शहर व बाहर के जुआरी दांव लगाने आ रहे थे।

## स्वास्थ्य संयोजक की परीक्षा 9 नवंबर को

**बिलासपुर।** ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की भर्ती परीक्षा 9 नवंबर को होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा के लिए बिलासपुर, रायपुर समेत दस जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इधर, संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के 200 पदों पर भर्ती होगी। दोनों पदों के लिए 100-100 पोस्ट हैं। बड़ी संख्या में आवेदन मिला है। प्रवेश पत्र की सूचना के साथ ही व्यापमं ने परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी, लेकिन अभ्यर्थियों को साढ़े दस तक परीक्षा केंद्र में पहुंच जाना होगा।

### जीजीयू के तालाब में छात्र की लाश मिलने का मामला

# आज आएगी फोरेंसिक रिपोर्ट, मृत्यु के कारणों का होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीजीयू के तालाब में छात्र की लाश मिलने के मामले में रहस्य अब भी बरकरार है। बताया जा रहा है मामले की फोरेंसिक रिपोर्ट शुक्रवार को मिल जाएगी। उससे छात्र के मृत्यु के कारणों का खुलासा हो सकता है।



ज्ञात हो कि 21 अक्टूबर से गुरूघासीदास विश्व विद्यालय के स्वामी विवेकानंद हास्टल में रह कर पढ़ाई करने वाला छात्र बिहार निवासी अर्सलान अंसारी लापता हो गया था। 23 अक्टूबर को विश्व विद्यालय के तालाब में उसकी लाश मिली थी। 26 अक्टूबर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया था। डाक्टरों के द्वारा मृत्यु की स्पष्ट कारण नहीं बताया गया था और बिसरा जांच के लिए फोरेंसिक विभाग में भेज दिया था। शार्ट पीएम रिपोर्ट में सिर में चोट लगना बताया गया था। उसके बाद से छात्र नेताओं के द्वारा अर्सलान की हत्या का आरोप लगाकर लगातार धरना प्रर्दशन किया जा रहा है। बताया जा रहा है शुक्रवार को फोरेंसिक विभाग के द्वारा एफएसएल रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंप दी जाएगी। इससे स्पष्ट हो जाएगा कि छात्र की हत्या हुई है या फिर पानी में डूबने से मौत हुई है।

### गुरूवार को मिलेगी रिपोर्ट

छात्र के मौत के मामले में अब तक कोई रिपोर्ट नहीं मिल पाई। संभवत: गुरूवार को फोरेंसिक रिपोर्ट मिल जाएगी। रिपोर्ट देखने के बाद आगे की कार्रवाई विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**-गगन कुमार** आईपीएस
कोतवाली सीएसपी







## आपरेशन प्रहार के तहत फरार 8 वारंटी पकड़े गए


पुलिस हिरासत में आरोपी।

**बिलासपुर।** आपरेशन प्रहार के तहत सकरी पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर फरार 8 फरार गिरफ्तारी वारंटी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। मंगलवार की रात सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने स्टाप के साथ ऑपरेशन प्रहार के तहत विशेष अभियान चलाया गया है।

इस दौरान अलग अलग क्षेत्रों में दबिश देकर विभिन्न मामलों में फरार वारंटियों की धरपकड़ किया गया है। अभियान के दौरान पुलिस ने फरार गिरफ्तारी वारंटी रूपेश जांगड़े पिता राधेश्याम जांगड़े 25 साल वार्ड नम्बर 4 काठाकोनी, परमेश्वर वस्त्रकार पिता विदेशी वस्त्रकार 25 साल खजुरी नवागांव, कैलास श्रीवास पिता स्व. रामप्रसाद श्रीवास 45 साल घुरू, दिनेश लहरे उर्फ टेडका पिता रामकुमार लहरे 32 साल वार्ड नम्बर 14 परसदा, रोशन पिता कैलास श्रीवास 19 साल घुरू, रोहित पिता कैलास श्रीवास 22 साल घुरू, आरती बघेल पति स्व. हरि सिंह जाटवर 27 साल आनंदनगर उसलापुर, रजनी जाटवर पिता स्व. हरि सिंह जाटवर 27 साल आनंदनगर, रजनी जाटवर पति स्व. हरि सिंह 40 साल आनंदनगर उसलापुर को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। पुलिस की विशेष अभियान से क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ था।

